दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 99 | जयपुर | मंगलवार, 11 फरवरी, 2025 | माष, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
26.0° अधिकतम तापमान
15.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 77,311.80
-548.39 (0.70%)
निफ्टी 23,381.60
-178.35 (0.76%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 88,430 /10g
चांदी 99,500 /Kg

## परीक्षा पे चर्चा — पीएम मोदी ने फोकस के लिए दिया क्रिकेट मंत्र

# सिर्फ बॉल पर फोकस करें, शोर पर नहीं; पेरेंट्स पढ़ाई का प्रेशर न डालें : पीएम मोदी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** परीक्षा पे चर्चा 2025 के आठवें संस्करण में, पीएम मोदी छात्रों के परीक्षा तनाव संबंधी प्रश्नों को संबोधित किया। इस वर्ष की परीक्षा पे चर्चा में एपिसोड की आठ श्रृंखलाएं होंगी, जिसमें प्रमुख हस्तियां जीवन और सीखने से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगी। कार्यक्रम में राज्य/केंद्रशासित प्रदेश बोर्ड के सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालयों, सैनिक स्कूलों और अन्य सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 36 छात्रों की भागीदारी भी शामिल है।

पीएम ने छात्रों से बातचीत में कहा कि हमारे समाज में दुर्भाग्य से ये घुस गया कि अगर हम स्कूल में इतने नंबर नहीं लाए, दसवीं-बारहवीं में इतने नंबर नहीं आए तो जिंदगी तबाह हो जाएगी। इसलिए पूरे घर में तनाव हो जाता है, ऐसे में आपको खुद को तैयार करना है। ऐसे में इस तनाव को मन में न लें और तय करें कि आपको आज कितना पढ़ना है... ये अगर आप कर लेते हैं, तो आप इस तनाव से खुद को निकाल सकते हैं।

मोदी ने कहा कि आप, सम्मान मांग नहीं सकते, आपको सम्मान कमाना पड़ेगा। इसके लिए आपको खुद को बदलना होगा। नेतृत्व थोपी नहीं जाती, आपके आस-पास के लोग आपको स्वीकारते हैं। नेता बनने के लिए टीम वर्क सीखना बहुत जरूरी है, धैर्य बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम रोबोट की तरह जी नहीं सकते, हम इंसान हैं। आखिरकार हम पढ़ाई क्यों करते हैं... आगे जाने के लिए। हम, हर स्तर पर अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई करते हैं। शिक्षक, अभिभावक से मोदी ने कहा कि बच्चों को आप दीवारों में बंद करके एक प्रकार से किताबों का जेलखाना बना दें, तो बच्चे ग्रो नहीं कर सकते हैं। बच्चों को खुला आसमान चाहिए, उनको अपनी पसंद की चीजें चाहिए। अगर वो अपनी पसंद की चीजें अच्छे से करता है, तो पढ़ाई भी अच्छे से करेगा। जिदंगी में परीक्षा ही सब कुछ है, इस प्रकार के भाव से नहीं जीना चाहिए।

# विद्यार्थी दूसरों से प्रतिस्पर्धा की बजाय खुद को बनाएं बेहतर : सीएम शर्मा



### जीवन में समय प्रबंधन महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान अपने अध्ययन तथा अन्य कार्यों की समय सारणी बनाकर समय का सदुपयोग करते हुए उन्हें सम्पादित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तनाव से उबरने में ध्यान और योग बहुत उपयोगी है। नियमित योगाभ्यास से तनाव दूर होने के साथ ही कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है। पीएम ने बच्चों को परीक्षा में प्रश्न पत्र को हल करने संबंधी टिप्स भी दीं।

जयपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 8वें संस्करण में विद्यार्थियों के साथ तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी जयपुर के मानसरोवर स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सुना। देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने उनको परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और टाइम मैनेजमेंट के उपयोगी सुझाव दिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा कि वे परीक्षा का तनाव महसूस न करें तथा अपने लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने की बजाय खुद को प्रेरित करते हुए बेहतर बनाने का प्रयास करें क्योंकि जो खुद से स्पर्धा करता है, वह जीवन में कभी भी पीछे नहीं रहता। हमें हमारी विफलताओं से सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में अच्छे नंबर लाना उतना महत्वपूर्ण नहीं, जितना निरंतर ज्ञान अर्जित करना है।

### अभिभावक बच्चों की अभिरूचि और क्षमताओं को समझे

प्रधानमंत्री ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों पर अपनी महत्वकांक्षाएं थोपे बिना उनकी अभिरूचि और क्षमताओं को समझे और उनकी पसंद का कैरियर चुनने में मदद करें। मोदी ने शिक्षकों से भी अपील की कि वे विद्यार्थियों की आपस में तुलना करने से बचें और संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक विद्यार्थी की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें।

इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ पोषण, आहार-विहार, मिलेट्स, पर्यावरण संरक्षण तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में चर्चा की। उन्होंने बच्चों के साथ पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा अपने कर्म, वचन और व्यवहार से देशवासियों को प्रेरित करते हैं। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के रूप में उनकी यह अभिनव पहल बच्चों में परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करके उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसआई भर्ती पेपरलीक मामले में ईडी की एंट्री

**पकड़े गए एसआई को बर्खास्त करना चाहती है सरकार; आरपीएससी चेयरमैन को भी वीसी से जुड़ने के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसआई भर्ती मामले में ईडी की एंट्री हो गई है। सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल आरडी रस्तोगी ने कोर्ट को बताया कि एसआई भर्ती प्रकरण में ईडी ने मामला दर्ज कर लिया है। इसलिए वह न्यायमित्र नहीं बन सकते हैं। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज दीप रस्तोगी को न्यायमित्र नियुक्त किया था।

**सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने कहा**-एसआई भर्ती का पेपर 35 दिन पहले आरपीएससी के निलंबित मेंबर बाबूलाल कटारा ने पूर्व सदस्य रामूराम राइका को दे दिया था। ऐसे में पूरी परीक्षा की पवित्रता भंग हो गई है। कटारा ने 600 प्रश्न और जवाब हाथ से लिखकर दिए थे।

वहीं, सरकार की ओर से एएजी विज्ञान शाह ने बहस में कहा- पेपर केवल 5 मिनट पहले आउट हुआ था। भर्ती को रद्द करना जल्दबाजी होगा। फिलहाल सरकार इस बारे में कोई फैसला नहीं ले रही है।

**चयनित ट्रेनी एसआई को बनाया पक्षकार**-हाईकोर्ट ने 50 चयनित ट्रेनी एसआई को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। इनके वकील तनवीर अहमद ने बताया कि हमने याचिका में कहा है कि हम पेपरलीक में शामिल नहीं है। हमने ईमानदारी से परीक्षा दी है। एसआई भर्ती के लिए हमने अन्य सरकारी नौकरी छोड़ी है।

### मणिपुर में सेना ने 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया : 25 हथियार, गोला-बारूद बरामद

बढ़ता राजस्थान

**मणिपुर ( एजेंसी )।** मणिपुर में सेना ने जॉइंट ऑपरेशन में 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। सेना ने सोमवार को बताया कि असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस ने 2 से 8 फरवरी के बीच काकचिंग, थौबल, टेंग्नौपाल, विष्णुपुर, इंफाल ईस्ट और चंदेल जिलों में जॉइंट ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान उग्रवादियों से 25 हथियार और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

बढ़ता TOON!





# भाजपा ने मंत्री किरोड़ीलाल को कारण बताओ नोटिस भेजा

**फोन टैपिंग के आरोपों को पार्टी हाईकमान ने माना अनुशासनहीनता**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को अनुशासनहीनता का नोटिस भेजा है। किरोड़ी के फोन टैपिंग के बयान को पार्टी ने अनुशासनहीनता माना है। किरोड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है। नोटिस को लेकर किरोड़ी बोले- मैं पार्टी का अनुशासित सिपाही, नोटिस मिलते ही तय समय में जवाब भेज दूंगा।

दरअसल, किरोड़ी लाल मीणा लगातार अपने बयानों से पार्टी के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे।



सीएमओ और पार्टी की तरफ से किरोड़ी की रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजी गई थी, लेकिन दिल्ली चुनाव के चलते पार्टी ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया था।

बताया जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से फोन पर बात हुई और उसके बाद किरोड़ी को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया। मदन राठौड़ आज दिल्ली पहुंच चुके हैं, मंगलवार से संसद सत्र में भाग लेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान वे राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात भी करेंगे और इस मुलाकात में किरोड़ी पर आगे क्या एक्शन लिया जाए, इस पर भी चर्चा होगी। किरोड़ी लाल मीणा की तरह ही पार्टी ने हरियाणा में भी मंत्री अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## राजस्थान में बेकाबू-अपराध, चूरू सांसद ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

**जयपुर।** चूरू के सांसद राहुल कस्वां ने लोकसभा में नियम-377 के तहत राजस्थान की बिगड़ती कानून व्यवस्था का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में चोरी और डकैती की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता भय के साए में जीने को मजबूर है। सांसद ने खुलासा किया कि उनके संसदीय क्षेत्र में पिछले दो महीनों में ही 150 से ज्यादा किसानों के खेतों से स्प्रिंकलर सिस्टम, ट्यूबवेल केबल और अन्य कृषि उपकरण चोरी हो चुके हैं।



## मुख्यमंत्री ने किया सैडल बांध का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को रावतभाटा स्थित राणा प्रताप सागर बांध के अपस्ट्रीम में सैडल डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित कार्यों की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शर्मा को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने राणाप्रताप सागर-ब्राह्मणी के बाढ़ सुरक्षा प्रबंधन एवं उक्त बाढ़ के जल के बीसलपुर बांध में जल अपवर्तन परियोजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राणाप्रताप सागर के सैडल डैम के सरप्लस पानी को ब्राह्मणी नदी में डालने के लिए प्रस्तावित कैरिज के मार्ग एवं यहां से पानी बीसलपुर बांध के अपस्ट्रीम तक पहुंचाने की कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है।

## ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ा

**कहा- मैं बचपन से साध्वी, आगे भी रहूंगी; महाकुंभ में किन्नर अखाड़े ने 17 दिन पहले उपाधि दी थी**

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** कन्नर अखाड़े में विवाद के बीच ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। इस बात की घोषणा उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके की है। ममता ने कहा, आज किन्नर अखाड़े में मुझे लेकर विवाद है। उसके चलते इस्तीफा दे रही हूं। मैं 25 साल से साध्वी हूं और आगे भी साध्वी रहूंगी। ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विरोध जताया था। ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप लग रहे थे। हालांकि अब ममता ने दावा किया कि उनसे 2 लाख रुपए मांगे गए थे, जो महामंडलेश्वर जय अंबा गिरी ने अपने हाथों से अखाड़े की आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए थे।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# मेहंदीपुर बालाजी में डिवाइडर पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से लगाए फ्लैक्स, बैनर और पोस्टर

**बालाजी मोड़ से एम के अस्पताल तक मुख्य सड़क के डिवाइडर पर अवैध पोस्टर, फ्लैक्स और बैनरों की भरमार**

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )** । मेहंदीपुर बालाजी में जगह-जगह पर होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस और पार्किंग संचालकों ने पोस्टर और बैनर लगाकर अतिक्रमण किया हुआ है। इन पोस्टरों और बैनरों के अतिक्रमण से आस्था धाम की सुंदरता पर प्रभाव पड़ रहा है। आस्था धाम को सुंदर और साफ-सुथरा बनाने के लिए मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट ने लाखों रुपये की लागत से कई सुधार किए। बालाजी मोड़ से एम के अस्पताल तक लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र में सड़क पर सोलर लाइट्स, सुंदर लोहे की रेलिंग और पेड़-पौधे लगवाए गए, साथ ही अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए।

साथ ही, देश भर से आने वाले भक्तों को साफ-सफाई और सुंदरता का माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से, प्रशासन की अनुमति के बिना सड़क डिवाइडर पर लगाए गए फ्लैक्स, बैनर और लोहे के बोर्ड अवैध रूप से लगाए गए हैं। इन फ्लैक्स और पोस्टरों की संख्या सैकड़ों तक पहुंच चुकी है, जो धार्मिक नगरी के सौंदर्यकरण को प्रभावित कर रही है।

जिम्मेदार अधिकारियों की उपेक्षा के कारण इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा, जिससे धार्मिक स्थल की छवि पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

# पंचायतीराज संस्थाओं में उपचुनाव के दौरान मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर सभी विभागों, उपक्रमों, बोर्ड व निगमों के विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों को उनके कार्मिकों को जिले की सरदारशहर पंचायत समिति के वार्ड संख्या 08 सदस्य पद, राजगढ़ पंचायत समिति की ददरेवा ग्राम पंचायत व चूरू पंचायत समिति की भामासी ग्राम पंचायत के सरपंच पद के उपचुनाव के दौरान मतदान दिवस 14 फरवरी, 2025 को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।जारी आदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के अनुसार मतदान के दिन किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति, जो लोकसभा/ विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के प्रावधान राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 22 के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के संबंध में भी लागू होते हैं।

इसी क्रम में धारा 135 (ख) के अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने व हकदार है. मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।

# भायलापुरा हनुमान मंदिर में 21 दिनों से चले अखंड पाठ में हनुमान चालीसा के 2 लाख 25 हजार पाठ पूर्ण होने पर दी यज्ञ मे आहुति



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन सिटी में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। भायलापुरा स्थित हनुमान मंदिर में 22 जनवरी से शुरू हुए इस आयोजन में 21 दिनों तक चले अखंड पाठ में हनुमान चालीसा के 2 लाख 25 हजार पाठ किए गए।सोमवार को इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान का समापन एक भव्य यज्ञ के साथ किया गया। मंदिर परिसर के बाहर स्थापित वैदिक हवन कुंड में आचार्य शंभू दयाल शास्त्री के नेतृत्व में 12 हजार आहुतियां दी गईं। यज्ञ में हनुमान भक्त मंडल, डेम्प रोड के सदस्य, स्थानीय दुकानदार और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।हनुमान चालीसा के पाठ के साथ-साथ श्री रामचरित मानस का संपूर्ण पाठ भी आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों से लेकर आम नागरिकों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया।कार्यक्रम का समापन मंगलवार को होगा, जिसमें शाम 4 बजे से छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस दौरान हनुमान जी की प्रतिमा का विशेष चोला श्रृंगार भी किया जाएगा।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे केरियर मेले का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री महावीर जी टोडुपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडुपुरा ब्लॉक श्री महावीर जी में कैरियर मेले का समारोह पूर्वक आयोजन हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर बबलेश मीणा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच कमल राम मीना, रीठौली के प्रधानाचार्य लखन लाल मीणा ,मुकेश लहकोडिया थे। सरस्वती पूजन एवं वन्दना के उपरान्त टोडुपुरा विद्यालय के प्रधानाचार्य और पी ई ई ओ रामहरि मीणा ने केरियर मेला आयोजन के लिए सरकार की योजना के बारे में बताया। अतिथियों का साफा बंधन कर स्वागत सत्कार किया।तदुपरान्त विभिन्न वार्ताकारों ने अपनी वार्ताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा 10 के बाद अपनी योग्यता और क्षमताओं के अनुसार केरियर चुनने के लिए विस्तार से वर्णन किया।केरियर प्रभारी प्रेमसिंह मीना ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न चार्ट व मॉडलों की प्रदर्शनी लगई , जिसका निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया तथा प्रथम विजेता चेतन मीना एवं द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता अंजली मीना को पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल के बारे में सभी अतिथियो एवं निरीक्षण कर्ताओं को बताया ।




# शहीद ही सही मायने में आज के देवता हैं : बाजोर

## जो देश की और आमजन की सुरक्षा करता है, कलयुग में यदि किसी ने देवता का अवतार लिया है तो वे हैं शहीद



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड बानसूर के माजरा अहीर में शहीद सुबेदार गिर्राज प्रसाद यादव की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस मौके पर बोलते हुए सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रेमसिंह बाजोर ने कहा कि शहीद ही सही मायने में आज के देवता हैं। उन्होंने कहा कि यदि कलयुग में किसी ने अवतार लिया है तो सही मायने में शहीद ही हैं।जो अपना घर परिवार छोड़कर सुदूर सीमा पर देश और देश के नागरिकों की सुरक्षा करते हैं। बाजोर ने कहा कि जब आप शहीद की प्रतिमा के सामने से गुजरें तो उन्हें वन्दन करें। यदि आपका कार्य निश्फल हो रहा है तो उन्हें याद करें और आप पाएंगे कि आपका कार्य सफल हो गया। शहीदों और उनके परिवार को हमेंशा याद रखें कि उन्होंने देश के साथ साथ हमारी भी सुरक्षा की है और करते रहेंगे। इस मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह, विधायक देवीसिंह शेखावत,पूर्व विधायक महिपाल यादव, प्रधान सुमन सुभाष यादव,उप प्रधान गणेश सैनी,बानसूर नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, भाजपा के कद्दावर नेता डॉ शशिकांत बोहरा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित,सुभाष यादव, रमेश रावत,कमांडो राकेश कुमार,बामनवास सरपंच बबिता कंवर, समाजसेवी निरंजनलाल ठेकेदार, आईटी सैल के विजय कुमावत,कर्मपाल नागर,एडवोकेट अशोक भरगड़, संकेत लाटा, विकास जोशी,सतीश बाल्मीकि, मुकेश सुरेला,सुरेन्द्र चौहान,देवेन्द्र कुमावत,योगेश कुमावत, अनील सिंहल,विष्णु सोनी, गोपाल ढांचोलिया,सहित शहीद के परिजन, विधानसभा क्षेत्र के लोगों सहित भजन मण्डली मौजूद रही। उल्लेखनिय है कि शहीद की प्रतिमा के अनावरण समारोह के दिन केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को विदेश जाना था तो उन्होंने 9फरवरी को ही आकर शहीद की प्रतिमा के दीदार कर लिए और शहीद के परिजनों से मिलकर अपनी अनुपस्थित के लिए क्षमा मांगी। यादव ने शहीद की वीरांगना को सॉल औढ़ाकर सम्मान किया और शहीद के बेटे और बेटी को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि शहीद परिवारों का समस्त भारतीयों के दिलों में सम्मान है।

मेरे से या राज्य सरकार या भारत सरकार से शहीद परिवार को मदद की आवश्यकता होगी हाजिर रहेगी। इस मौके पर उनके साथ भाजपा से विधायक प्रत्याशी रहे महेन्द्र यादव, सांसद के पुत्र युवराज देवायुस भी मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि सुबेदार गिर्राज प्रसाद यादव अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा पर स्थित बलवा पोस्ट पर 5 ब्रिग्रेडियर बटालियन में तैनात थे। 4 अप्रैल 2024 को ड्यूटी के दौरान उन्होंने देश की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान की आहुति दी थी।शहीद के भाई रोहिताश यादव ने बताया कि गिर्राज प्रसाद अक्टूबर 1996 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। शहीद ने अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी तथा वीरांगना को छोड़ गए हैं।

# सरकार की मंशानुरूप प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को करें संतुष्ट : सुराणा

**जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सम्पर्क पोर्टल, नगर निकाय व ग्रामीण विकास सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर दिए निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रामीण विकास, शहरी निकाय व्यवस्थाओं, सम्पर्क पोर्टल सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक तक बेहतरीन सुविधाओं का लाभ पहुंचे और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। इसलिए सभी अधिकारीगण सरकार की मंशानुरूप प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को संतुष्ट करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। प्रकरणों के निस्तारण में निर्धारित समयसीमा का ध्यान रखें ताकि अनावश्यक पेंडेंसी न रहे।

उन्होंने परिवहन व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में संचालित बाल वाहिनियों की जांच करें तथा बिना परमिट व फिटनेस के संचालित होने वाली बसों व स्कूल संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करें। दोनों विभाग समुचित समन्वय से नियमों का उल्लंघन करने वाली स्कूलों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करें।



उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदार, विकास अधिकारियों व नगर निकाय अधिकारियों से कहा कि आमजन से फीडबैक लेते हुए खुले बोरवेलों की सूचना मिलने पर त्वरितता से ढकवाएं। उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र में जल भराव, तरल व ठोस कचरा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था, पीएम आवास योजना में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति आदि की समुचित मॉनीटरिंग करें। उपखंड अधिकारी व तहसीलदार किसानों को स्वयं गिरदावरी करने के लिए जागरूक करें। इसके लिए फील्ड स्तरीय मशीनरी को एक्टिवेट करें व सर्वेयर आदि नियुक्त करते हुए अपेक्षित प्रगति लाएं। इसी के साथ पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ समुचित समन्वय से पशुपालकों को जागरूक कर मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पंजीकरण करवाते हुए पशुधन का बीमा करवाएं व जिले का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। सुराणा ने सम्पर्क पोर्टल, कचरा प्रबंधन, आवश्यक सेवाओं, जियोरेफरेंस में बकाया तरमीम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए।

इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, एसीईओ दुर्गा ढाका, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, आईसीडीएस डीडी डॉ नरेन्द्र शेखावत, डीटीओ नरेश कुमार, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित सभी उपखंडों से वीसी के जरिए उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 40 वे दिन भी अनवरत जारी

**जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर जांगिड़ समाज शाहपुरा के सदस्य बैठे**



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** दिनांक 10 -2-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर जांगिड़ समाज के सदस्य सचिव जांगिड़ समाज विकास समिति शाहपुरा रामनारायण जांगिड़ के नेतृत्व में त्रिमूर्ति चौराहे से शांतिपूर्ण जन आक्रोश रैली निकालते हुए हाथों में काले झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुर जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की । जांगिड़ समाज विकास समिति शाहपुरा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र जांगिड़ नवयुवक मंडल संयोजक देवेंद्र कुमार रमेश सुथार रमेश जांगिड़ कैलाशचंद्र सोजी राम जांगिड़ भेरूलाल जांगिड़ राकेश जांगिड़ छोटू लाल जांगिड़ टोनु जांगिड़ महावीर सुथार श्यामलाल सुथार मुकेश कुमार जांगिड़ रामस्वरूप जांगिड़ सहित कई समाज जन कर्मिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन दिया। जांगिड़ समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक राम प्रसाद जाट अधिवक्ता शरीफ मोहम्मद रंगरेज, अंकित शर्मा, नमन ओझा संघर्ष समिति सदस्य राजेंद्र बोहरा धनराज जीनगर छोटू रंगरेज विनीत बुनकर सत्यनारायण पाठक प्रवीण कुमार आदि ने माला पहना कर स्वागत किया।

संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि धरने को संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक रामप्रसाद जाट जांगिड़ समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र जांगिड़ रामनारायण जांगिड़ छोटू लाल सुथार ने संबोधित किया सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक शाहपुरा को जिला का दर्जा वापस नहीं दिया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा ।सामाजिक संगठनों का लगातार समर्थन मिल रहा है कल 11 फरवरी को सर्व सेन समाज शाहपुरा के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

# धूमधाम से हुई देवनगरी चाडों की ढाणी में माजीसा मंदिर की प्रतिष्ठा

बढ़ता राजस्थान

**सिणधरी,( कैलाश गोस्वामी )।** उपखण्ड मुख्यालय अंतर्गत चाडों की ढाणी में माजीसा मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह पौने ग्यारह बजे मंदिर में मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य नरेश कुमार दवे एव पंडितों ने यजमानों के हाथों से माजीसा की मूर्ति स्थापित कराई एवं मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाने के बाद जयकारों की गूंज के साथ महाआरती पूजा-अर्चना की गई।

मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सुबह साढ़े सात बजे हवन कार्यक्रम रखा गया, जिसमें यजमानों के परिजनों ने हवन सामग्री की आहुतियां दी। प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक जोगाराम प्रजापत हाथीतला एंड पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भोर तक बांधे रखा। मंदिर पर दिनभर दर्शनार्थियों की भीड़ रही। कई दर्शनार्थी चाडों की ढाणी माजीसा के जयकारें लगा रहे थे। प्रतिष्ठा महोत्सव में अभिजीत मुहूर्त में माजीसा के जयकारों के बीच मंदिर में मूर्ति स्थापित की गई। मुख्य कलश स्थापना की बोली मांगाराम, हनुमान राम पुत्र मिश्राराम व ध्वजा की बोली वंशाराम पुत्र लालाराम ने ली। इसके बाद मंदिर पर दर्शनार्थियों की लंबी कतार लग गई, जो शाम 4 बजे तक रही। महोत्सव में महंत हनुमानदास के सानिध्य में कई संत महात्मा मौजूद रहे। महंत लक्ष्मण दास, महंत



निर्मलदास,लीला बाबा,महंत बाबूपुरी,ओमगिरी,ताजपुरी, हिम्मत पुरी,योगेश पुरी, त्रिलोकपुरी समेत कई संत महात्मा मौजूद रहे । कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य हंसराज प्रजापत, भाजपा नेता जयराम प्रजापत,सरपंच ईश्वर लाल, मेहराराम भाटी,खूबाराम लोहिड़ी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे । मंच संचालन शंकरलाल चांदोरा ने किया ।

# श्री महावीर जी में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान मे जिनेंद्र भगवान का हुआ अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन सिटी के श्री महावीर जी मे दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र में सोमवार को श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिनेंद्र भगवान के अभिषेक से हुई, जो आर्यिका दीक्षामति के सानिध्य में पंडित मुकेश जैन शास्त्री के मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ।इसके बाद अष्टद्रव्य पूजन में श्रद्धालुओं ने जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल अर्पित कर जिनेंद्र भगवान की आराधना की। आर्यिका दीक्षामति ने अपने प्रवचन में धर्म के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डाला और कहा कि भक्ति केवल मंदिर तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे दैनिक आचरण में भी परिलक्षित होनी चाहिए।शाम को महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक पलक जैन और दीपेश ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। दिनेश कुमार जैन और निर्मला जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में दिनेश कुमार जैन, निर्मला जैन, चंद्रेश जैन, सुनीता जैन, गिन्नो देवी जैन, ललिता जैन, विनोद जैन जयपुर, प्रफुल्ल जैन, प्रतीक्षा जैन, बेबी जैन सहित चंदनबाला महिला मंडल के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# जसोलधाम में माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी महोत्सव पर श्रद्धा और समरसता का संगम

बढ़ता राजस्थान

**जसोल ( कैलाश गोस्वामी )।** आस्था और सामाजिक समरसता के प्रमुख केंद्र, पवित्र शक्ति पीठ जसोलधाम में माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के पावन एवं शुभ अवसर पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, छप्पन भोग, अन्नपूर्णा प्रसादम, कन्या पूजन, भजन संध्या और गैर नृत्य जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद प्रदान किया।

**हजारों भक्तों ने लिया मां जसोल के दरबार में दर्शन लाभ**-त्रयोदशी के दिवस पर अलसुबह से ही जसोलधाम में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मां जसोल के असंख्य भक्तों की सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ति हेतु संस्थान द्वारा श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री



बायोसा, श्री सवाईसिंह जी, श्री लाल बन्ना सा, श्री काला-गौरा भैरूजी एवं श्री खेतलाजी के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों को आकर्षक पुष्प सज्जा से अलंकृत किया गया, वहीं विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य अनुष्ठान हुए। वहीं भक्तों ने भक्ति भाव के साथ आस्था की नगरी जसोलधाम में दर्शन लाभ प्राप्त कर अपने परिवार में खुशहाली को लेकर मंगल कामनाएं की।

**मंदिर संस्थान की ओर से सुचारु व्यवस्थाएँ**-श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान द्वारा विशेष प्रबंध किए गए। भक्तों को दर्शन लाभ में कोई असुविधा न हो, इसके लिए जिक-जैक बैरिकेडिंग की गई। पीने के पानी, छायादार टेंट और वृद्धजनों के लिए व्हीलचेयर के साथ गोल्फ कार्ट सुविधाएं की उपलब्ध करवाई गई। तथा सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी के माध्यम से बारीकी से ध्यान रखा गया। एवं अनाउसमेंट सिस्टम के माध्यम से मंदिर प्रांगण में संस्थान द्वारा भक्तों की सुविधार्थ उपलब्ध करवाई जा रही सम्पूर्ण व्यवस्थाओं से भक्तों को अवगत करवाया गया।

# हंगामेंदार रही पालिका की बजट बैठक, सर्वसम्मति से नगर पालिका का 34 करोड़ 33 लाख का बजट पास

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** फुलेरा नगर पालिका सभागार में सोमवार को दोपहर 1.30 बजे पालिका बजट बोर्ड बैठक पालिकाध्यक्ष संगीता अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विशिष्ट अतिथि पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी थे। बैठक के प्रारंभ में उपस्थित पार्षदों द्वारा नवनियुक्त पार्षद महावीर प्रसाद जैन का माला व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। इसके बाद अधिशाषी अधिकारी सूर्यकांत शर्मा बजट प्रस्तुत करने लगे तभी पालिका नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक ने पूर्व में विकास कार्यों खर्च किए गए बजट का ब्यौरा प्रस्तुत करने की मांग की। इस पर पालिकाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने कहा कि सभी पार्षद एक-एक करके अपने बात रखे जिससे सभी की समस्याओं को सुना जा सके। दौरान पार्षदों एवं चेयरमैन के बीच काफी तीखी नोक-झोंक हुई। पालिकाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने कहा सभी वार्डो में विकास कार्य करवाए गए हैं। और आगे भी जारी रहेंगे। पार्षद सरदार सिंह चौधरी ने एक साल पहले टैंडर होने के बाद भी नाला निर्माण नहीं होने से वार्ड वासियों में काफी रोष व्याप्त हैं। या तो नाला निर्माण करवाया जाए या फिर टेंडर कैंसिल किया जाए। पार्षद आशा सैनी ने कहा कि बोर्ड बैठक हुए करीब दो साल हो गए। वार्डो में विकास कार्य ठप पड़े हैं। मेरे वार्ड में एक रोड़ लाईट तक नहीं लगी। पार्षद महावीर प्रसाद जैन ने विधुत विभाग का बकाया चल रहा बिल का निस्तारण करने,सभी मिलकर फुलेरा के वार्डों में विकास कार्य करवाने की बात कही। पार्षद अभिषेक वर्मा ने वार्ड में सीसी रोड़,नाली निर्माण करवाने,लाईट लगवाने की मांग रखी। बैठक के अंत में ईओ सूर्यकांत शर्मा ने 34 करोड़ 33 लाख का बजट पेश किया। जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में पार्षद दौलत



चौधरी,विद्या सागर शर्मा,विमला वर्मा,बबीता सारवान,प्रमोद मीणा,अंजना जैन,विजय लक्ष्मी गौड़,यतेंद्र झाकड़ा,जितेंद्र वर्मा,पूजा भाटी,मदन गढ़वाल,हेमलता सैनी,पार्षद श्रवण वर्मा,ताराचंद सैनी सहित अन्य मौजूद थे।

# राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा फुलेरा तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के रिद्धि सिद्धि कॉलोनी स्थित मां भगवती नगर में स्वास्तिक पैराडाइज में राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा फुलेरा तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अनुभव चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक क्रांति के अग्रदूत छठी पीढ़ी के वंशज प्रशांत यतीश फुले एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सीताराम सैनी,काजल सैनी,जगदीश सैनी बांसा, कमला सैनी,किशन लाल सैनी,लीला सैनी,नवरत्न सैनी,सुनील सैनी,पार्षद पूजा भाटी,गणेश सैनी,तेजकरण सैनी,पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी सहित अन्य थे। समारोह के प्रारंभ मे अतिथियों ने संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज और फुले दंपति के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात फुलेरा के तहसील अध्यक्ष गौरीशंकर सैनी एवं कार्यकारिणी के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने समाज की रीति नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद फुलेरा तहसील की कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर शिक्षा विद बी.सी माली,भंवर सैनी, राजकुमार सैनी,धर्मेंद्र सैनी,पार्वती सैनी,मुकेश सैनी,गोपाल लाल सैनी,रामजीलाल पापटवान,शेषनारायण सैनी,श्याम लाल सैनी, नरेना अध्यक्ष मनोज सैनी, भैस लाना अध्यक्ष मुकेश मुकेश सैनी,शेष नारायण सैनी सचिव मुकेश सैनी,तहसील उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, कमलेश कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सैनी, अंजू सैनी, पार्वती सैनी,पार्षद आशा सैनी,पार्षद अमर चन्दन सैनी, किशन लाल सैनी, राजकुमार सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दो कारों की भिड़ंत में मां और दो बेटियों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर ग्रामीण जिले के किशनगढ़-रेनवाल थाना इलाके में सोमवार की सुबह दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में मां और दो बेटियों की मौत हो गई। जबकि अन्य तीन लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बाद कार में बुरी तरह से लोग फंस गए थे, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस को कडी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाया गया। जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। हादसा चौमूं-रेनवाल स्टेट हाईवे पर सोमवार सुबह करीब पौने नौ बजे हुआ था। थानाधिकारी देवेंद्र चावला ने बताया कि किशनगढ़ रेनवाल पंचायत समिति के ग्राम पंचायत मलिकपुर के बाबूलाल यादव अपने परिवार के साथ सोमवार सुबह निकले थे। ये लोग इंडिगो कार से हरमाड़ा के दादर बावड़ी स्थित जगजीवन महाराज के यहां जा रहे थे। इसी दौरान हरसोली ईंट भट्टों के पास सामने से आ रही सीकर नम्बर की इनोवा कार से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इंडिगो गाड़ी में सवार बाबूलाल यादव की पत्नी जमना देवी (48) एवं उनकी बेटी शिमला (20) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार बाबूलाल यादव, उसका बेटा सुनील और दो बेटियां राजू व लक्ष्मी घायल हो गए। इलाज के दौरान लक्ष्मी (26) ने भी दम तोड़ दिया। घायल बाबूलाल,सुनील और राजू को रेनवाल अस्पताल से चौमूं के बराला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यहां पर बाबूलाल और सुनील की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े ने जारी किए आदेश

### जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. के.एल. श्रीवास्तव कुलपति पद से निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े ने आदेश जारी कर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. के.एल. श्रीवास्तव को कुलपति पद से तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। राज्यपाल ने संभागीय आयुक्त, जोधपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित किया है। जांच रिपोर्ट में प्रो. श्रीवास्तव के विरूद्ध पद का दुरूपयोग करने, राज कार्य में लापरवाही बरतने व विश्वविद्यालय को वित्तीय हानि पहुंचाने के गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए। उल्लेखनीय है कि प्रो. श्रीवास्तव के खिलाफ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय अधिनियम, 1962 (यथा संशोधित) की धारा 10(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 3 दिसंबर 2024 के द्वारा संभागीय आयुक्त, जोधपुर की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया था। इसमें वह दोषी पाए गए। राज्यपाल ने इस पर अधिनियम, 1962 (यथा संशोधित) की धारा 11क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्हें कुलपति पद से तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है।

## 11 फ़रवरी विश्व यूनानी दिवस : डॉ.लियाक़त अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भारत में यूनानी चिकित्सा की पहचान देने वाले और उसे विकसित और प्रसारित करने वाले जनाब हकीम अज़्मल ख़ान साहब ही थे जिनका जन्म इनके दादा हकीम शरीफ ख़ान की 'शरीफ मंज़िल ' में हुआ था जो पुरानी दिल्ली के करोल बाग़ में आज भी स्थित है । हकीम अज़्मल ख़ान साहब का जन्म इसी शरीफ मंज़िल में 11 फ़रवरी सन् 1868 में हुआ था । इसीलिए इस दिन को हकीम अज़्मल खां डे या विश्व यूनानी दिवस के रूप में मनाया जाता है । इन्होंने यूनानी चिकित्सा को पुनर्जीवित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी । ये मसीहा ए हिन्द की उपाधि से सम्मानित किए जाने वाले पहले हकीम थे । ये हकीम साहब पुरानी दिल्ली के करोल बाग़ में स्थित शरीफ़ मंज़िल में ग़रीबों की नि:शुल्क चिकित्सा किया करते थे और अमीरों से खूब पैसा लिया करते थे । हकीम अज़्मल ख़ान साहब ने जिस किसी मरीज़ को अपने बैग से दवा देते थे वह तुरन्त ठीक हो जाया करते थे इसलिए लोग इनके बैग को जादुई दवा पेटी कहा करते थे ।अंग्रेजों ने इन्हें हाजिक उल मुल्क की उपाधि से भी नवाज़ा था । इन्होंने पुरानी दिल्ली के करोल बाग़ में ही ज़ामिया मिलिया इस्लामी यूनिवर्सिटी की स्थापना की और साथ ही आयुर्वेदिक एंड यूनानी तिब्बिया कॉलेज बनवाया था । इन्होंने यूनानी चिकित्सा को बढ़ाने के लिए कई तिब्बियाँ कॉलेज और मदरसे तिब्बियाँ की नींव रखी थी । इनके रसायनज्ञ डॉ. सलीमुज्जमा सिद्दीक़ी थे । हकीम अज़्मल ख़ान 29 दिसम्बर 1927 को इस दुनियाँ से अलविदा हो गए थे मगर उनकी तमाम क़ुर्बानियाँ और यादें भारत में छोड़ गए ।

## नशीला पदार्थ पिला कर महिला से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** महेश नगर थाना इलाके मे पड़ोसी युवक द्वारा महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि काम के बहाने धोखे से आरोपित पड़ोसी ने उसे घर में बुलाया और पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में पीड़िता ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी गुंजन सोनी ने बताया कि रामनगर महेश नगर निवासी उन्नीस वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके घर से कुछ दूरी पर ही आरोपित पडौसी का घर है। आरोप है कि दिन के समय घर से निकलने पर आरोपी पड़ोसी उसे मिल गया। बातचीत के दौरान आरोपी काम के सिलसिले में उससे बातचीत करने लगा। काम के बहाने उसे धोखे से अपने घर के अंदर बुला लिया। बातचीत के दौरान उसे पीने के लिए पानी लाकर दिया। पानी में नशीला पदार्थ मिला होने के कारण बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर विरोध करने पर डराया-धमकाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

### भगवान विश्वकर्मा से सभी कारीगरों के कार्य में सफलता की प्रार्थना करती हूँ हेडिंग.....देश और प्रदेश के आर्थिक विकास में विश्वकर्मा बंधुओं का महत्वपूर्ण योगदान - उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने निर्माण और सृजन से जुड़े सभी कारीगरों की सराहना करते हुए कहा कि विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में आपका अहम योगदान हैं। प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारंपरिक कार्यों में अत्यंत प्रतिभाशाली हैं।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने, प्रशिक्षण और व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा 卐पीएम विश्वकर्मा योजना卐 चलाई जा रही है, जो कि



कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने में सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना का उद्देश्य विभिन्न पारंपरिक शिल्पों में कुशल व्यक्तियों का उत्थान करना है, जिससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सके। विश्वकर्मा योजना की मूल भावना है - सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि। यानी पारंपरिक हुनर का सम्मान, कारीगरों का सशक्तिकरण और विश्वकर्मा बंधुओं के जीवन में समृद्धि, ये ही हमारा लक्ष्य है। यह योजना देश के लाखों विश्वकर्मा बंधुओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में श्रमिकों एवं स्ट्रीट वेंडर्स को वृद्धावस्था में संबल देने के लिए 卐मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना एवं श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य में डबल इंजन सरकार कारीगरों व शिल्पकारों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु संकल्पबद्ध हैं।

# कुरैशी समाज में बढ़ा शरई तरीके से शादियां करने का चलन

### मस्जिद में निकाह के साथ नो दहेज, नो गार्डन, नो डिनर नीति पर चल रहा समाज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( बाबू अंसारी )।** मुस्लिम समाज में कुरैशी बिरादरी के शादी समारोह के आयोजनों में दहेज प्रथा एवं फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाने का चलन चल पड़ा है। इस सिलसिले में दूल्हा व दुल्हन पक्ष आपस में सहमति कर नो दहेज, नो डिनर, नो गार्डन की नीति को अपना रहे हैं।

जिसके चलते मस्जिद में निकाह व आने वाले मेहमानों की खिजूर व शरबत के साथ मेहमान नवाजी कर दुल्हन को घर से रुखसत कर शरई तरीका अपना रहे हैं। इस सिलसिले की शुरुआत जयपुर के झोटवाड़ा क्षेत्र निवासी बिजनेसमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी छुट्टन कुरैशी ने अपनी बेटी का निकाह इसी पैटर्न पर कर एक मिसाल कायम की। जिसके बाद शहर जयपुर व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में यह चलन आम हो चला, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को यहां आदर्श नगर क्षेत्र में मस्जिद ए हमजा में मरहूम हाजी सलीमुद्दीन मेंबर साहब के पोते एडवोकेट मोहम्मद सुआले



### वरिष्ठ जनों से पहल का किया आग्रह

वहीं दूल्हे एडवोकेट मोहम्मद सुआले कुरैशी के भाई मंजूर इलाही तथा दुल्हन आयशा बानो के भाई एवं वरिष्ठ युवा कांग्रेस नेता असरार अहमद कुरैशी ने कहा कि समाज में बढ़ती सामाजिक कुरीतियों के कारण बहुत सारी बच्चियों की शादी समय पर नहीं होने के कारण उनके घर वाले बड़े परेशान रहते हैं तथा कर्ज लेकर शादियां करते हैं, जो कि जीवन भर कर्ज के बोझ से दबे रहते हैं। समाज के वरिष्ठ जनों को चाहिए कि वे आगे आकर ऐसी पहल करें और फिजूल खर्ची पर पाबंदी लगाते हुए बच्चों की शिक्षा पर खर्च करें तथा शादियों में शरई तरीका अपनाते हुए नो दहेज, नो गार्डन, नो डिनर की नीति पर कार्य करें।

कुरैशी तथा मरहूम हाजी कबीरूद्दीन साहब की पोती आलिमा आयशा बानो का निकाह शरई तरीके से हुआ। निकाह की रस्म मुफ्ती ए जयपुर शहर मुफ्ती अमजद अली साहब ने अदा करवाई। मस्जिद में निकाह के बाद तमाम मेहमानों को खिजूर व शरबत पेश कर मेहमान नवाजी की गई। दूल्हे के पिता हाजी नईमुद्दीन साहब व दुल्हन के पिता हाजी मोहम्मद इकबाल साहब ने तमाम मेहमानों का तहे दिल से इस्तकबाल किया तथा सभी से आग्रह किया कि वे शादियों में फिजूल खर्ची पर पाबंदी लगाएं तथा बच्चों की तालीम पर खर्च करें।

## फुलेरा के विश्वकर्मा मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जयंती महोत्सव,हुआ प्रतिभाओं एवं भामाशाहों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे की बिचून रोड़ स्थित विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में सोमवार को विश्वकर्मा जयंती महोत्सव अध्यक्ष रविशंकर (यादराम) कोतुकथलिया की अध्यक्षता में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कल्याण बूंदवाल तथा विशिष्ट अतिथि समिति संरक्षक अनिल शर्मा,सीपी त्रिपाठी,सोहन लाल जाला,गौत्तम स्वरूप,राम प्रसाद बिंवाल,गुलाब चंद हरसोलिया,मदन लाल राजोतिया,ओमप्रकाश,राजेंद्र लावण्डीवाल,संतोष,निशा,हनुमान बुंदवाल, सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश जाला,चंद्रकांत जांगिड़,सीपी त्रिपाठी,संजय कुमार सहित अन्य लोगों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान सांय महिलाओं व बालिकाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। साथ ही समाज की प्रतिभाओं,भामाशाहों का विशेष सम्मान किया गया। इस मौके पर मांगी लाल,सोहन लाल जाला,शांति लाल,छगन लाल धामा,कृष्ण कांत जाला,मुरारी लाल,मोहन लाल सावड,विनोद कुमार,गुलाब रावत,सुरेश कुमार,महेश कुमार सहित सैकड़ों महिला पुरूष मौजूद थे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के द्रव्यगुण विभाग की औषधीय पादपों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय, जयपुर के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में द्रव्यगुण विभाग द्वारा आयुर्वेद में औषधीय पादपो के सतत् उत्पादन और उपयोग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में औषधीय पादप संरक्षण, संवर्धन व सतत विकास के संदर्भ में विशेषज्ञों द्वारा विचार व्यक्त किये गये। प्रोफेसर महेश चंद्र शर्मा (पूर्व निदेशक एनआईए) ने औषधीय पादपों के उत्पादन के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

प्रोफेसर मीता कोटेचा ( पूर्व प्रो वाइस चांसलर एनआईए) ने उपयोगिता क्षेत्र में कई प्रकार की चुनोतियों पर चर्चा की। प्रोफेसर महेश दाधीच (मुख्य कार्यकारी अधिकारी राष्ट्रीय औषधीय पादप मंडल नई दिल्ली) ने



औषधीय पौधों की आपूर्ति और माँग की जानकारी दी। प्रोफेसर आर.एन.आचार्य (महानिदेशक केंद्रिय आयुर्वेद चिकित्सा अनुसंधान परिषद नई दिल्ली) ने आयुर्वेद में औषधीय पौधों के उपयोग पर जानकारी दी। कार्यशाला में द्रव्यगुण विभाग ओर अन्य विभाग के विशेषज्ञों ने जानकारी दी। कार्यशाला में द्रव्यगुण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुदीप्त रथ, शिक्षक, चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## थार और स्कॉर्पियो से स्टंट करना पड़ा भारी ग्यारह काली थार और तीन स्कॉर्पियो जब्त कर सात स्टंटबाज किए गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में स्टंटबाजों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। इसकी एक मिसाल करधनी थाना पुलिस ने पेश की है। जहां सड़कों को रेस ट्रैक समझने वाले नवयुवकों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्यारह काली थार और तीन स्कॉर्पियो जब्त की है। यही नहीं सात स्टंटबाज चालकों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया पर काली थार और स्कॉर्पियो से स्टंट करने के वीडियो वायरल हो रहे थे। ये स्टंट न केवल खतरनाक थे, बल्कि आम जनता की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी थाना अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह राणावत की देखरेख में करधनी थाना प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पिछले दो दिनों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान काले शीशों वाली तेज रफ्तार गाड़ियों पर नकेल कसते हुए ग्यारह थार और तीन स्कॉर्पियो जब्त की और स्टंटबाजी करने वाले सात चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**स्टंटबाजी से जेल की सवारी**-युवाओं के लिए यह मामला एक बड़ा सबक बन सकता है। महज सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज के चक्कर में स्टंट करना अब जेल की सजा में बदल सकता है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि सड़क पर स्टंटबाजी और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# 'फ्री की राजनीति' पर जनता का फैसला, दिल्ली का रुख बदला

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित नहीं कहे जा सकते। यह चुनाव शुरू से दो-ध्रुवीय था। भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सीधी टक्कर थी। कांग्रेस ने जरूर दावेदारी की थी, मगर जैसे-जैसे चुनाव की सरगर्मी बढ़ती गई, उसे अहसास होने लगा था कि वह मुकाबले में नहीं है। इसका नतीजा यह हुआ कि उसे शिथिलता ने घेर लिया। भाजपा लंबे समय से आम आदमी पार्टी की कमजोरियों और अनियमितताओं को उजागर करती आ रही थी। इस तरह वह लोगों के मन में सत्ताविरोधी लहर पैदा करने में कामयाब भी हुई। हालांकि तमाम सर्वेक्षणों से यही पता चल रहा था कि दिल्ली की बड़ी आबादी आम आदमी पार्टी सरकार से बहुत नाखुश नहीं थी, मगर उनमें से काफी लोग इस बार बदलाव चाहते थे। आम आदमी पार्टी की साख को सबसे अधिक नुकसान कथित शराब घोटाले की वजह से हुआ।

इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल जाना पड़ा था। पार्टी लगातार दलील देती रही कि उसके नेताओं को झूठे आरोप में फंसाया गया है, मगर वह लोगों के गले नहीं उतरी। उन्होंने दागी नेताओं को शिकस्त दी। इन नतीजों से यह भी जाहिर हुआ है कि भाजपा के काम पर लोगों का भरोसा कमजोर नहीं हुआ है।

हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मुद्दों से अधिक मुफ्त की योजनाओं का शोर सुनाई दिया। आम आदमी पार्टी सरकार पहले से मुफ्त बिजली-पानी और शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचा रही थी। इसे लेकर बहुत सारे लोगों के मन में एक आकर्षण बना हुआ था। फिर सरकार ने चुनाव से ऐन पहले घोषणा कर दी कि वह हर महिला को इक्कीस सौ रुपए हर महीने देगी। इसके लिए पंजीकरण भी शुरू कर दिया। इसके जवाब में भाजपा ने ढाई हजार रुपए हर महीने देने की घोषणा कर दी। फिर यह भी भरोसा दिलाया कि जो योजनाएं पहले से चल रही हैं, अगर उसकी सरकार बनी तो, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। इस वादे पर लोगों ने भरोसा किया। दूसरे कुछ राज्यों में भी भाजपा महिलाओं के लिए नगद राशि देने की योजनाएं चला रही है। जबकि पहले भाजपा खुद दिल्ली सरकार की मुफ्त की योजनाओं की मुखर आलोचना करती थी, मगर चुनाव आते ही उसने भी आम आदमी पार्टी को उसी के दांव से पटखनी देने का फैसला कर लिया और उसमें उसे कामयाबी भी मिली। दिल्ली सरकार के पास शासन क्षेत्र सीमित है, उसे केंद्र के साथ तालमेल बिठा कर ही विकास योजनाओं पर आगे कदम बढ़ाना होता है। आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र के बीच शुरू से तनातनी बनी हुई थी, जिसके बीच अपने अधिकारों को लेकर कई बार केजरीवाल सरकार को अदालत तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

उपराज्यपाल से उनके रिश्ते कभी समरस नहीं रहे। ऐसे में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह खींचतान समाप्त हो जाएगी और उम्मीद बनी है कि कुछ बेहतर और उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। मगर नई सरकार के सामने चुनौतियां भी कम न होंगी। आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जो काम किए हैं, उससे बेहतर काम करके दिखाना होगा। फिर शहर की साफ-सफाई, जलभराव आदि जैसी समस्याओं से निपटना हर वर्ष की चुनौती है। नगर निगम के साथ किस तरह तालमेल बिठा कर वह इन मसलों को हल करने का प्रयास करेगी, उसी आधार पर उसका जनाधार मजबूत हो सकता है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 11 फ़रवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रोम और इंग्लैंड के बीच 1543 में फ्रांस के खिलाफ समझौता हुआ।
- मुगल बादशाह जहांगीर ने 1613 में ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत में कारखाना लगाने की अनुमति दी।
- स्वीडेन तथा प्रशिया के बीच 1720 में शांति समझौता।
- नीदरलैंड के वेनलो पर प्रशिया की सेना ने 1793 में कब्जा किया।
- रोम पर फ्रांस ने 1798 में कब्ज़ा किया।
- यूरोपीय देश नॉर्वे ने 1814 में स्वतंत्रता की घोषणा की।
- लंदन यूनिवर्सिटी की स्थापना 1826 में 'यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन' के नाम से की गई।
- जापान में मेजी संविधान को 1889 में अंगीकार किया गया।
- अवध पर ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1856 में कब्जा किया।
- फ्रेडरिक एबर्ट 1919 में जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गये।
- लैटर्न संधि के तहत 1929 में स्वतंत्र बेटिकलन सिटी की स्थापना हुई।
- महात्मा गांधी जी के हरिजन वीकली का प्रकाशन 1933 में शुरू हुआ था।
- जर्मन की सेना इटली के अप्रिलिया पर 1944 में दोबारा कब्जा किया।
- सोवियत संघ ने 1953 में इजरायल के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़े।
- भारत में 1955 में पहली बार अखबारों का प्रकाशन शुरू हुआ।
- भारतीय क्रिकेटर वीनू माकंड ने 1959 में अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में खेला।
- अमेरिका ने 1963 में इराक की नयी सरकार को मान्यता दी।
- ताइवान ने फ्रांस के साथ 1964 में कूटनीतिक संबंध तोड़े।
- तुर्क और ग्रीक के बीच 1964 में जंग की शुरुआत हुई।
- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का ताशकंद में निधन 1966 में हुआ।
- लेखक, जनसंघ संस्थापक, पत्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हत्या 1968 में की गई थी।
- ईरान के अध्यात्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनी के लिए भी 11 फरवरी, 1979 का दिन नई जिंदगी का पैगाम लेकर आया था।
- दक्षिण अफ्रीका के महान नेता नेल्सन मंडेला को 1990 में 27 साल लंबी कैद से आज ही के दिन में रिहाई मिली थी।
- अल्जीरिया में सुरक्षा बलों ने 1992 में चार मुस्लिम छापामारों की गिरफ्तारी के साथ भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए।
- भारतीय खगोल भौतिकविद जयंत वी नार्लीकर 1996 के यूनेस्को के 'कलिंग पुरस्कार' से 1997 में सम्मानित।
- एक डच कम्प्यूटर प्रोगामर ने 11 फरवरी, 2001 को अत्रा कुरनिकोवा वायरस लॉन्च किया, जिसके चलते इससे लाखों ई-मेल प्रभावित हुए।
- साल 2003 में 11 फरवरी के दिन ही इंगलैंड की क्रिकेट टीम ने विश्वकप का अपना मैच खेलने से मना कर दिया, क्योंकि वह जिम्बाम्वे में खेला जाने वाला था। आपको बता दें कि विश्व कप क्रिकेट में आयोजन स्थल की वजह से मैच न खेलने का यह अपने आप में पहला मामला था।

## विशेष आलेख

# निराश करती है जनप्रतिनिधि अपराध मामलों में देरी




ललित गर्ग

**वर्तमान और पूर्व संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ लंबित पांच हजार आपराधिक मामलों के निपटारे की सुनवाई कर रही एमपी-एमएलए अदालतों में कोई उल्लेखनीय प्रगति होते हुए न दिखना न केवल निराशाजनक है बल्कि यह कानून व्यवस्था की बड़ी विसंगति है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आग्रह किया गया कि कोर्ट इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करे। अपेक्षा यह की गई थी कि इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी, लेकिन इसका उलटा हो रहा है।**

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायकों में से 16 यानी 33 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 22 में से 15 यानी 68 प्रतिशत नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर किस्म के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दिए गए आदेशों और हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक बदनुमा धब्बा हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों और सांसदों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई अदालतें उनके मामलों का समय पर निपटारा करने में विफल साबित हो रही हैं। बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह दर्शाता है कि सांसदों एवं विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है और अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं प्रभाव के कारण मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है। ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय अपने इस दायित्व का निर्वहन सही तरह से नहीं कर पा रहे हैं। समय-समय पर ऐसी खबरें भी आती रही हैं कि एमपी-एमएलए अदालतों को जनप्रतिनिधियों के मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है, लेकिन इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके। समझना कठिन है कि जिन अदालतों का गठन ही कुछ विशेष मामलों के निस्तारण के लिए हुआ है, वे उनकी सुनवाई में प्राथमिकता का परिचय क्यों नहीं दे रही हैं? उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट इन अदालतों को यह स्पष्ट निर्देश दे कि वे जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई एक निश्चित समय सीमा में करें और ऐसा करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देशित करे। यदि ऐसा कुछ नहीं किया जाता तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकना बहुत कठिन होगा और आपराधिक छवि के नेताओं के मामलें न्यायालयों में बढ़ते ही जायेंगे। यह स्थिति लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली ही है। यह स्थिति अधिक चिन्ताजनक एवं दुखद इसलिये भी है कि अब तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल में बंद लोगों को चुनाव प्रचार के लिए भी जमानत देने का सिलसिला कायम हो गया है। जनप्रतिनिधि भी रक्षक नहीं, भक्षक हो रहे हैं। ये कानून का भक्षण करने में माहिर होते जा रहे हैं। ये कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो पहले वोट मांगते हैं, फिर जीत के बाद लोगों को लात मारते हुए उनके साथ तरह-तरह के अपराध करते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर अपराध तंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? राजनीतिक व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि कोई भी अपराधों में लिप्त नेता जन-प्रतिनिधि न बन सके।

दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एडीआर और 'दिल्ली इलेक्शन वाच' ने चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे।

# एप्रकृति का अनमोल उपहार स्वास्थ्य



संजीव ठाकुर

**मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है।**

इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है। व भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55त्न हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



रामचरण राग
(कवि व लेखक)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अलवर की प्रतिष्ठित साहित्यिक सामाजिक संस्था सृजक के संस्थापक सचिव रामचरण राग । सृजक संस्थान के माध्यम से विगत 25 वर्षों से निरन्तर विभिन्न साहित्यिक और सामाजिक कार्यक्रमों के द्वारा एक ईमानदार छवि के साथ अलवर में सक्रिय हैं। 13 दिसम्बर सन् 1962 को अलवर के पुराने मोहल्ले जुबली बास में राजमिस्त्री राम सहाय व घीसी देवी के घर में जन्मे प्रतिष्ठित कवि रामचरण चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। प्राथमिक शिक्षा अपनी गली में लगने वाले सरकारी स्कूल से तथा उच्च माध्यमिक तक की शिक्षा नवीन स्कूल से पश्चात एम.ए (हिन्दी .समाज शास्त्र)तक स्वयंपाठी छात्र के रूप में बीएड़ जैन टी टी कॉलेज,अलवर से की । छठी कक्षा पास करने के बाद से बी ए करने तक हरेक ग्रीष्मावकाश में अक्सर पिता के साथ मज़दूरी की, शहर की विभिन्न पब्लिक स्कूलों में सन् 1982 से 1989 तक पढ़ाया तथा अगस्त 1990 में दिल्ली में प्राथमिक शिक्षक के रूप में सरकारी नौकरी लगी वहाँ से दिसंबर 2022 में व्याख्याता हिन्दी के पद से सेवानिवृत्त हुए । नौकरी करने के लिए अलवर से दिल्ली रात्रि 3 बजे की ट्रेन से जाना व शाम 6 बजे लौटने का सिलसिला 20-25 वर्ष सेवानिवृत्ति तक चला। साहित्यिक अभिरुचि बचपन से ही रही लेकिन काव्य सृजन की शुरुआत लगभग सन् 1978 से हुई । कविता की प्राय: सभी सामयिक विधाओं गीत, ग़ज़ल, मुक्त छंद, दोहे, मुक्तक आदि में सृजन किया । विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर दिल्ली, हरियाणा व उ0प्र0 में कविता पाठ किया। अलवर व दिल्ली आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के संस्कार चैनल व स्थानीय चैनलों पर भी काव्य पाठ का अवसर प्राप्त हुआ है । देश वरिष्ठ कविगण निर्भय हाथरसी, सोम ठाकुर, रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी, कुँवर बेचैन, दीक्षित दनकौरी, मंगल नसीम आदि के साथ भी मंचों पर कविता पाठ किया । एक समकालीन गीत संग्रह समय कठिन है । अप्रेल 2017 , एक ग़ज़ल संग्रह . उम्मीद का मौसम जनवरी 2022 में दिल्ली के लिटिल बर्ड पब्लिकेशन से प्रकाशित हुए, हिन्दी ग़ज़ल पर एक पुस्तक . हिन्दी ग़ज़ल की नई ज़मीन संपादित की । देश के विभिन्न राज्यों से प्रकाशित गीत ग़ज़लों के बीसों साझा संकलनों के अलावा देश की विभिन्न प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में नियमित रूप से रचनाएँ प्रकाशित होती रहती हैं। रामचरण राग का मानना है कि कवि होने से पहले एक ईमानदार और संवेदनशील इंसान होना कहीं अधिक ज़रूरी है ।

रूपक शर्मा

## 2025_041
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | | 4 | 2 | 5 |
| | 4 | 2 | | | | | 3 | 8 |
| | | | 2 | 9 | 4 | | | |
| | | | | | 6 | 1 | 8 | |
| | | | 5 | | | 3 | 4 | 2 |
| | 3 | 1 | 4 | 2 | | | | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | | 2 | 8 | | 3 |
| 2 | | | 1 | 6 | 9 | | 7 | |

Ans_2025_040

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 5 | 9 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 5 | 3 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 4 | 3 | 9 | 6 |

### कैसे खेलें
वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**वृष**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। मित्रों और प्रियपात्र

**मिथुन**
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**कर्क**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**सिंह**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

**कन्या**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**तुला**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। कोई छोटी

**धनु**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**मकर**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कुंभ**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**मीन**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## फार्मर रजिस्ट्री शिविर में आ रही है तकनीकी समस्या

बढ़ता राजस्थान

**अभी केवल टोंक की पराना एवं हमीरपुर पंचायत में आयोजित होंगे शिविर**

**टोंक,( का.स. )।** राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव के आदेशानुसार ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित हो रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में तकनीकी समस्याएं आ रही है। उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया ने बताया कि तकनीकी समस्याओं का भारत सरकार के स्तर से समाधान होने तक फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में केवल जिला मुख्यालय की तहसील में 2 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। जिले की अन्य तहसीलों पर पूर्व निर्धारित शिविर कार्यक्रमों को स्थगित रखा गया है। एसडीओं ने बताया कि तहसील टोंक में 11 व 12 फरवरी को ग्राम पंचायत पराना एवं 13 से 15 फरवरी तक हमीरपुर पंचायत में शिविर लगेंगे।

## राजस्व अधिकारी राजस्व संग्रहण में तेजी लाएं- चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व अर्जन करने वाले आबकारी, खनिज, परिवहन, वाणिज्यिकर एवं उप पंजीयन विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों से राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके संबंधित कार्यो को मिशन मोड़ पर लेकर राजस्व बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग द्वारा प्राप्त किए गए राजस्व के बारे में जानकारी लेकर लंबित चल रहे राजस्व को संबंधितों से समयानुसार वसूलकर राजस्व को जमा करवाने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी अनिल यादव को प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने दुकान मालिकों के साथ बैठक कर जिले में शराब की दुकानों का नवीनीकरण 70 प्रतिशत से अधिक करवाना सुनिश्चित कर राजस्व अर्जन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीना को वाहनों की ओडिट समय पर करवाने, अवैध खनन सामग्री परिवहन एवं ऑवरलोडिंग वाहनों की चैकिंग बढ़ाने, बिना नंबर वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही कर राजस्व अर्जन संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश दिए। डिफाल्टर वाहनों की जांच कर डिमांड नोटिस जारी करने एवं टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहनों का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन निलंबित करने के निर्देश दिए ।उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को खनन से संबंधित लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने एवं राजस्व प्राप्तियों को राजकीय खजाने में समयानुसार जमा करवाने के निर्देश दिए।

## विश्व यूनानी दिवस पर यूनानी मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** विश्व यूनानी दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्राम चराई स्थित यूनानी मेडिकल कॉलेज में एप्रोच ऑफ यूनानी मेडिसिन इन मैनेजमेंट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर डिजीज विषय पर प्रात: 11 बजे राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. मो. इरशाद खान ने बताया कि विश्व यूनानी दिवस प्रति वर्ष 11 फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी एवं यूनानी चिकित्सा के जनक डॉ. हकीम अजमल खान की स्मृति में मनाया जाता है। प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय सेमिनार में देशभर से विशेषज्ञ, अतिथि एवं डेलिगेट्स शामिल होंगे और हार्ट की बीमारियों के कारण, बचाव के उपायों एवं उपचार पर चर्चा करेंगे। प्राचार्य डॉ. इरशाद खान ने बताया कि सेमिनार में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के उप कुलपति प्रदीप कुमार प्रजापति, रजिस्ट्रार अखिलेश कुमार, मंगलराम विश्नोई, राकेश कुमार शर्मा समेत अन्य अतिथि शामिल होंगे।

## जलदाय मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी आज एक दर्जन से अधिक गांवों में करेंगे जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जनप्रतिनिधि आपके द्वार के तहत जलदाय मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी मंगलवार, 11 फरवरी को उपखंड टोडारायसिंह के एक दर्जन से अधिक गांवों में जनसुनवाई करेंगे। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री चौधरी ग्राम पंचायत भांसू, रामसिंहपुरा, दाबड़दुंबा, बद्रीपुरा, नारेड़ा, मूंडियाकलां, निमेड़ा, बड़ी पथराज, छोटी पथराज, भांवता, लक्ष्मीपुरा, खेडूल्या एवं बस्सी में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

## मूर्तियां ले जाने की अफवाह, उपजा विवाद, हुई समझाइश, मामला शांत

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पुराने शहर में जैन मूर्तियों को ले जाने को लेकर गत दिवस गलतफहमी के चलते विवाद पैदा हो गया। जानकारी के अनुसरार गलतफहमी के कारण जैन धर्मालबी और मंदिर पुजारी के बीच विवाद हो गया। इस दौरान शहर में मंदिर की चोरी की अफवाह शहर में फैल गई। जिसके चलते मौके पर बड़ी संया में लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाकर मूर्तियां मन्दिर में रखवाई। कोतवाली थानाधिकारी हरलाल सिंह मीणा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे सवाईमाधोपुर से बाहर से करीब 20-25 लोगों का एक समूह पाली हाउस के पास स्थित जती मन्दिर में पूजा के लिए आया था। इन लोगों ने मन्दिर पुजारी राजेश शर्मा से मन्दिर में पूजा की अनुमति लेकर पूजा करनी चाही। जिसके बाद यह सभी लोग मन्दिर गए। पुलिस के अनुसार यहां जैन समाज की मूर्तियों की पूजा ठीक से नहीं होने को लेकर सभी जैन धर्मावलंबी मूर्तियों को यहां से शिट करने के लिए जैन समाज मंदिर ले जाने लगे। पुजारी की पत्नी ने इस समूह को रोका तो विवाद हो गया। जैन धर्मालबियों का कहना था कि यहां मूर्तियों की पूजा लबे समय से ठीक से नहीं हो रही है। इसलिए वह मूर्तियां लेकर जाएंगे। इसी बीच मंदिर में चोरी की अफवाह फैल गई। जिससे लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर शहर पुलिस चौकी प्रभारी जितेन्द्र पहुंचे और कोतवाली थानाधिकारी को बताया। कोतवाल ने इसके बाद मूर्तियों को फिर से जती मन्दिर में रखवाया और पूजा ठीक तरह से करने की बात रखी। वहीं छीतर चौराहा स्थित आनन्द भवन में जैन समाज के लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा करवाया गया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

# जनसुनवाई व सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का हो समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण - शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सम्पर्क पोर्टल सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल (सीएम हैल्पलाईन-181) की समीक्षा करते हुए पोर्टल पर 90 दिन से अधिक की शिकायतों को तत्काल प्रभाव से निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को 30 दिन के भीतर ही निस्तारित सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी विगत जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का एक सप्ताह में निस्तारण सुनिश्चित करे ताकि परिवादी को पुन: जनसुनवाई में आने की आवश्यकता न रहे। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल एवं त्रिस्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों के समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के लिए समस्त उपखण्ड अधिकारियों को साप्ताहिक आधार पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नये लाभार्थियों के नाम जोड़ने के लिए पात्रता व वरीयता के अनुसार आवेदनों की जांच करने के निर्देश समस्त उपखण्ड अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों की पात्रता जांच कर स्वीकृति जारी करने के साथ ही लाभार्थियों को प्रथम किस्त का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विकास अधिकारियों को प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने नये पीएम आवासों के लिए सर्वे कर पात्रता अनुसार लाभार्थियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए है ताकि कोई पात्र पीएम आवास योजना से वंचित रहे। उन्होंने राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले उपखण्ड मलारना डूंगर, बामनवास, बौंली एवं मित्रपुरा में पटवारियों की बैठक लेकर गिरदावरी के कार्यो में प्रगति लाने के साथ-साथ प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए। साथ ही उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित कर गांव के शिक्षित युवाओं को सर्वेयर के रूप में नियुक्त करवाने एवं ई-गिरदावरी करवाने के लिए जागरूक करने के निर्देश समस्त एसडीएम व तहसीलदारों को दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ता खुलवाने, अतिक्रमण हटवाने, सीमाज्ञान करवाने एवं अन्य कृषि भूमि संबंधी प्रकरणों की जांच कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश समस्त उपखण्ड अधिकारियों को प्रदान किए ताकि फसल कटाई के उपरांत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को आयुष्मान कार्ड ई-केवाईसी की प्रगति एवं आयुष्मान कार्डो के वितरण की समीक्षा कर उक्त कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जलापूर्ति संबंधित शिकायतों को निस्तारण के निर्देश अधीक्षण अभियंत जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय को प्रदान किए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरिराम मीना, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, पीएमओं डॉ. तेजराम मीना, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना, मण्डी सचिव दिलीप मीणा, एलडीएम परेशनाथ बनर्जी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## राहोली में करियर गाइडेंस मेला का आयोजन

### जॉब लेने वाले नही जॉब प्रोवाइडर बन विकसित भारत का संकल्प पूरा करे-संजय संघी

बढ़ता राजस्थान




**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत राहोली के विद्यालयों में करियर गाइडेंस मेला का आयोजन हुआ।

पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी राहोली व प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राहोली, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तुम्बिपुरा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरा की ढ़ाणी में करियर गाइडेंस मेला का आयोजन हुआ । पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में आयोजित करियर गाइडेंस मेला प्रभारी जयनारायण मीना ने बताया कि करियर गाइडेंस मेला में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने करियर निर्माण सम्बन्धित अपनी वार्ताएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता स्वरोजगार विषय पर स्वावलंबी भारत अभियान के टोंक जिला समन्वयक युवा उद्यमी निदेशक वर्धमान ग्रुप संजय संघी ने कहा कि हमें जॉब लेने वाले नही जॉब प्रोवाइडर बन विकसित भारत का संकल्प पूरा करना है। इस अवसर पर स्वरोजगार विषय पर स्वावलंबी भारत अभियान जयपुर के सह समन्वयक दिनेश चन्द्र शर्मा, कानून विषय पर जिला सत्र न्यायालय एवं पारिवारिक न्यायालय जयपुर के एडवोकेट अनुभव राज शर्मा, शिक्षा विषय पर रामप्रसाद शर्मा सह संयोजक स्वावलंबी भारत अभियान व निदेशक प्रताप कॉलेज, मीडिया विषय पर अनिल जाँगिड़, गणेश योगी, सेन्ट्रल इन्स्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकैमिकल्स इन्जीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के विभिन्न कोर्सेज पर दिव्यदीप किराड़, हस्तशिल्प विषय पर जिनेश कुमार जैन, कम्प्यूटर तकनीकी विषय पर विनय कुमार वर्मा, गणित विषय पर गुलाब चन्द वर्मा, संजय व्यास, विज्ञान विषय पर गिर्राज मीना,भाषा विषय पर मुकेश कुमार मीना, किरण शर्मा, पुलिस व सैन्य विषय पर जयनारायण मीना, दिनेश कुमार बैरवा, शारीरिक शिक्षा विषय पर लक्ष्मण सिंह, भूगोल, मौसम विज्ञान विषय पर पिंकी मीना, रामरूप शर्मा आदि ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर विभागीय प्रतिनिधि सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा श्योप्रसाद मीणा, कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा शैलेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** नटवाड़ा कस्बे में स्थित श्री मुंदड़ा बालाजी मंदिर परिसर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बनाए गए नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष के स्वागत का कार्यक्रम भाजपाइयों द्वारा किया गया। भाजपाइयों ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बद्री विजय का माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष विजय ने कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ उनको अध्यक्ष बनाया है। वह पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ पार्टी को आगे बढ़ाएंगे। इसी प्रकार तेजाजी चौराहे पर श्री श्याम सखा परिवार की ओर से स्वागत किता गया। इस अवसर पर रामजी झामरेल, हेमराज शर्मा, मुकेश शर्मा, जीएसएस अध्यक्ष देवनारायण गुर्जर, तेजभँवर सिंह राठौड़, रामजी बोकण, साँवरा जोशी, श्याम जोशी, मुकेश कीर, सीताराम शर्मा, शंकर जाट, शंकर मोठिया सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्मिक पत्रावलियों व प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें - बुढ़ानिया



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुढ़ानिया (आईएएस) ने सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जिला परिषद कार्यालय में कार्यरत अधिकारी कार्मिकों की बैठक ली। बैठक में नव पदस्थापित सीईओ स्टाफ कर्मियों से रूबरू हुए एवं प्रत्येक कार्मिक के आवंटित कार्यो की जानकारी लेते हुए अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। सीईओ ने संबंधित अधिकारी कार्मिकों को कार्यालय समय पर आने सहित पत्रावलियों का संधारण करने आगंतुकों से मृदुल व्यवहार करने कार्यालय से अति आवश्यक कार्य से बाहर जाने पर मुवमेंट रजिस्टर में कार्यालय छोड़ने के कारणों को इंगित करने प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने राज्य सरकार की योजनाओं में प्रगति लाने ई फाइल पर कार्य करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए! बैठक में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सीईओ ने योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में जिला परिषद से जुड़े अधिकारी कार्मिक मौजूद थे ।

## पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में सोमवार को विभागीय निर्देशानुसार कैरियर मेले का आयोजन किया गया, जानकारी देते हुए प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि, उक्त कैरियर मेला पीएम श्री विद्यालयों में सात दिवसीय श्रृंखला में आयोजित किया गया जिसमें प्रथम दिन कैरियर जागरूक कार्यशालाएं, दूसरे दिन कैरियर आकांशा सर्वेक्षण, तीसरे दिन कौशल पहचान गतिविधि, चतुर्थ दिन पोस्टर और मॉडल बनाने की प्रतियोगिता, पांचवे दिन पूर्व विद्यार्थियों के अतिथि व्याख्यान, छठे दिन माता पिता के साथ संवाद और सातवें दिन कैरियर मेले की तैयारी का आयोजन किया गया ओर अंत में आठवें दिन विभिन्न विभागों को आमंत्रित कर विभिन्न स्टॉल्स लगाई गई , आज के रोजगार मेले का विधायक रामसहाय वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया इस अवसर पर बोलते हुए विधायक ने रोजगार मेले की उपयोगिता और कक्षा 12 के बाद विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पर विस्तार से अपनी बात रखी, मेले में मोदी विश्वविद्यालय, आर एन टी कॉलेज एंड आई टी आई कॉलेज, आईसीआईसीआई बैंक, साइट कंप्यूटर, वर्धमान डेंटल हॉस्पिटल में अपनी स्टोल्स विद्यालय में लगाई ओर अपने संस्थान की उपयोगिता और उनके क्षेत्र में रोजगार के अवसर और उसमें जाने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी,इस अवसर पर योगेश विशेष विद्यालय से आए सचिव डॉक्टर सीताराम स्वामी ने विशेष शिक्षा में रोजगार के अवसर, चुनौतियां, एवं लाभ विषय पर अपनी विस्तृत वार्ता प्रस्तुत की, शारीरिक शिक्षा में जाने के माध्यम और रोजगार के अवसर विषय पर रामकिशन गुर्जर ने प्रभावी वार्ता प्रतुत की, इसी अवसर पर शाला के मोहरपाल गुर्जर ने कला के क्षेत्र में रोजगार के अवसर, राजेश विजय ने गणित के क्षेत्र में रोजगार के अवसर, साइट कंप्यूटर से राजेंद्र शर्मा ने कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर , आईसीआई सीआई बैंक से ऋषभ जैन ने बैंकों के प्रकार ओर रोजगार के अवसर विषय पर वार्ता प्रस्तुत की, कार्यक्रम के अंत में प्रभारी रघुनंदन गौतम ने पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## जंगली सूअरों के हमले में किसान घायल

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के मलारना चौड़ इलाके में जंगली सूअर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं किसानों पर भी हमला कर रहे हैं। रामसागर तालाब के पास ढाकड़ा इलाके में खेतों में काम कर रहे किसान तुलसीराम पुत्र मोजी राम मीणा पर जंगली सूअरों के झुंड ने हमला कर दिया। इससे वह जमी हो गया। हाथ व पैर में गभीर घाव हो गए। उसका स्थानीय अस्पाल में उपचार कराया गया।

घटना तीन दिन पहले की बताई गई है। मलारना चौड़ निवासी रामावतार मीना ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मलारना चौड़ इलाके में जंगली सूअरों के झुण्ड देखे जा रहे हैं। यह गेहूं, चना तथा सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसलों में छिपे होने से किसानों को इनका पता नहीं चलता। खेत में काम करते किसानों पर अचानक हमला कर रहे हैं। बीते दिनों खेत में सिंचाई कर रहे वृद्ध किसान तुलसीराम पर भी हमला कर दिया।

उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के किसानों ने हो हल्ला कर सूअर को भगया। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना के बाद से किसान खेतों में अकेले जाने से कतरा रहे हैं। महिला व बच्चे भी मवेशियों के लिए चारा लाने नहीं जा रहे। जरुरत पड़ने पर इकट्ठा होकर खेतों पर जाना मजबूरी बन गई है। ग्रामीणों ने जंगली सुअरों से निजात दिलाने की प्रशासन से मांग की है।

### मोरेल नदी में लेते हैं शरण

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में सुअर फसलों की ओट लेकर खेतों में छिपे हैं।

इनकी संख्या सौ से डेढ़ सौ बताई गई है। ग्रामीण एकत्रित होकर खेतों में घेराबंदी कर होहल्ला करते हैं तो यह जस्टाना, निमोद बरियारा की तरफ मोरेल नदी में जाकर शरण लेते हैं। फसल कटने के बाद भी मोरेल नदी ही इनकी शरण स्थली बन जाती है।

## काली बाई भील मेधावी योजना में छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी:- चन्द्रवीर सिंह चौहान



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** पन्नाधाय महाविद्यालय टोंक में अध्ययनरत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीक्षा मीणा पुत्री हीरालाल मीणा, मुस्कान कुशवाह पुत्री बाबूलाल कुशवाह, बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान बानो पुत्री साहबुद्दीन, बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा चम्पा मीणा पुत्री रामबिलास मीणा को राज्य सरकार की काली बाई मेधावी स्कूटी योजना के अन्त-र्त स्कूटी मिलने पर महाविद्यालय के निदेशक श्री चन्द्रवीर सिंह चौहान व प्राचार्य डा0 चंचल गर्ग ने सभी छात्राओं को शुभकामनाँए प्रेषित की। महाविद्यालय छात्रवृत्ति एंव राज्य सरकार योजना के प्रभारी श्री अमरचन्द ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्कूटी मिलने पर पहली बार महाविद्यालय में लेकर आने पर महाविद्यालय के निदेशक श्री चन्द्रवीर सिंह चौहान ने छात्राओं को माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक देशराज सिंह, रामअवतार सैनी, चन्द्रप्रकाश सैनी, गणेश जाट, पारितोष गौतम स्टाफ भी मौजूद रहे।

# पर्यावरण एवं वन मंत्री ने किया वन प्रशिक्षण केंद्र अलवर का निरीक्षण

## भवन के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश, प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर किया उत्साहवर्धन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सोमवार को नारायण विलास स्थित वन प्रशिक्षण केंद्र अलवर का निरीक्षण कर प्रशिक्षु वन्यकर्मियों से दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में संवाद किया। मंत्री शर्मा ने वन प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर उप वन संरक्षक प्रशिक्षण श्री राजीव लोचन पाठक को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण भवन के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव तैयार करें ताकि उसकी मरम्मत कर भवन को सुन्दर स्वरूप दिया जा सके। उन्होंने 120वें वनरक्षक प्रशिक्षण बेच के तहत प्रशिक्षण ले रही महिला वनरक्षकों से संवाद कर उन्हें दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि गहनता से प्रशिक्षण लेवे ताकि फील्ड में अपने दायित्वों का कुशलता से निर्वहन कर सकें। उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राजकीय सेवा के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का पुनीत दायित्व मिला है इसे सेवाभाव के साथ निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने वन प्रशिक्षण केंद्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के निस्तारण के दिए निर्देश :** मंत्री शर्मा ने अपने निवास 201,रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अलवर शहर की रैंकिंग सुधारने हेतु साफ-सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही आमजन को कचरा सेग्रीगेशन आदि के लिए जागरूक करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कराई गई सभी बोरिंगों को यथाशीघ्र चालू कर पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति सुनिश्चित करें। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

**शोभायात्रा को झण्डी दिखाकर किया रवाना :** मंत्री शर्मा ने विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर जांगिड़ समाज अलवर द्वारा निकाली गई शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती के अवसर पर कामना की कि उनकी अनुकम्पा उतरोत्तर तकनीकी में सुधार से देश में खुशहाली व समृद्धि आए।

### लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

उन्होंने एसएमडी सर्किल स्थित भाषा एवं पुस्तकालय विभाग व नंगली सर्किल स्थित सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय तथा स्वामी विवेकानन्द स्मारक में यूआईटी के माध्यम से तैयार कराई गई डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्राी श्री भूपेन्द्र यादव तथा उनके द्वारा अलवर शहर सहित जिले में युवाओं को डिजिटल एजुकेशन से जोडने व अध्ययन हेतु अच्छी लाइब्रेरी विकसित कराई जा रही है।



# डोर स्टेप काउंसलिंग शिविर में एसएचजी महिलाओं को दी विधिक जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति गोविंदगढ़ के ग्राम सिरमौर में सोमवार को विधिक जागरुकता शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन एवं प्रचार प्रसार हेतु डोर स्टेप काउंसलिंग तथा मेगा विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं और लड़कियों को यौन उत्पीड़न से बचाने और आत्मरक्षा की तकनीकों पर एवं घरेलू हिंसा,पारिवारिक समाधान, बाल विवाह एवं अन्य संबंधित मुद्दो पर कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी के साथ ही रालसा एवं नालसा की स्कीमोंएराजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओं कि जानकारी दी आगामी 08 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि जागरूकता शिविर का विषय कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथामएनिषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 था कार्यक्रम का संचालन पीएलवी अनिल कुमार ने किया और कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे.से.कंधा मिलाकर समस्त क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। कार्यस्थल में महिलाओं के साथ कोई भेदभाव व उनका लैंगिक उत्पीड़न ना हो इससे बचाने हेतु इस अधिनियम को प्रभाव में लाया गया है। महिलाओं के साथ यदि किसी प्रकार का आपत्तिजनक व्यवहार किया जाता है तो वे इसकी शिकायत कर सकती है। इस कानून से कार्यस्थल में महिलाओं की सुरक्षा का माहौल एवं उनका आत्मविश्वास सुनिश्चित किया जाता है। ताकि वे भी निर्भीक होकर अपना योगदान किसी भी कार्य में दे सके। हर जगह लोकल स्तर पर एक कमेटी गठित की गई है जो ऐसे मामलों का निपटारा करती है। महिलाओं को आपेक्षिक सुविधा एवं सुरक्षा देकर हम उनके बराबरी का अधिकार सुनिश्चित कर सकते हैं। जो हमारे राष्ट्र निर्माण में सहायक होता है इस दौरान पीएलवी अनिल कुमार,अंकित शर्मा एलआरपी, नरेंद्र शर्मा,आरपी कांता,पूजा,श्याम,राधा कृष्ण, महादेव, लक्ष्मी,एसएचजी समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# बहादुरपुर के सरकारी स्कूल में मनाया गया कैरियर मेला




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर पालिका बहादुरपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। कैरियर मेले में मुख्य अतिथि डॉक्टर अनूप सिंह शर्मा प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय बहादुरपुर एव विशिष्ट अतिथि क्यूआरजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि रिटायर्ड कैप्टन विजय सिंह रहे। इस अवसर पर एनआईटी के प्रोफेसर, बालिका विद्यालय की व्याख्याता सीमा रानी, स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता अखिलेश कुमार, प्रोफेसर प्राचार्य अनूप सिंह शर्मा, रिटायर्ड कैप्टन विजय सिंह ने रक्षा क्षेत्र, मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग क्षेत्र, सिविल सर्विसेज एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बालिका विद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया। प्रधानाचार्य मेहताब सिंह चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में बालक. बालिकाओं को परीक्षा में उच्च अंक लाने पर मेडल भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन उप प्रधानाचार्य भगवान सहाय सैनी ने किया। धन्यवाद भाषण स्टाफ सचिव रामफल यादव एवं वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मित्तल ने दिया।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# आधारभूत आवश्यकताओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए विकास कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं व राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट अपडेट करें।

**परिवादों का निपटारा कर आमजन को राहत पहुंचाए :** जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आवश्यक सेवाओं संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकायिों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बार बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, यह सुनिश्चित करते हुए स्थानीय स्तर पर ही संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही करते हुए परीवादों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा करें व पोर्टल पर भी जानकारी अपडेट करें।

**समन्वय से कार्य करे अधिकारी :** जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को विभिन्न मार्गों एवं शहर में क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए साथ ही बिजली विभाग से समन्वय कर नारहेडा- कोटपूतली बाईपास, चिमनपुरा रोड, रामपुरा खुर्द- सरूंड रोड सहित अन्य मार्गों के बीच में लगे बिजली पोल को चिन्हित करते हुए बचे हुए पोल्स को जल्द शिफ्ट करने की कार्यवाही पूर्ण करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभाग को सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमणों को हटवाने के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे यातायात सुगम हो सके।

**आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें :** जिला कलक्टर ने पीएचईडी को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने, जेजेएम के तहत लक्ष्यानुरूप नल कनेक्शन पूर्ण करने, अवैध कनेक्शन पर कार्यवाही करने को कहा. उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने एवं शहर में अव्यस्थित तरीके से मार्गों को अवरूद्ध करने वालों स्थानों व सड़क के बीच में लगे ट्रांसफार्मरों व पोल्स को चिन्हित कर अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को आयुष्मान ई- केवाईसी शत प्रतिशत पूर्ण करते हुए जिले की रैंकिंग में सुधारने करने एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता पीडब्लयूडी रामावतार कुमावत, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान


स्वर्गीय श्रीमती दयावती वाधवा

**अलवर (का.स.)।** शहर मे 171, आदर्श कॉलोनी दाउदपुरएअलवर निवासी श्रीमती दयावती वाधवा पत्नी किशन लाल वाधवा के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आरण्एसण्वर्मा ने बताया कि श्रीमति दयावती वाधवा के निधन के पश्चात उनके पुत्र अनिल वाधवा ने विश्व सिंधी सेवा संगम के अंतरराष्ट्रीय सचिव सुरेश थदानी की प्रेरणा से अपनी माता के नेत्रदान किये। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा.श्रॉफहॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र अनिल वाधवा, सुनील वाधवा ने अपनी माता जी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके ष्नेत्रदानष् कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी ,उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# नीले के सारथी ग्रुप का द्वितीय वार्षिक महोत्सव

## विशाल कलश यात्रा, जागरण व भण्डारे का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नीले के सारथी ग्रुप द्वारा आयोजित द्वितीय वार्षिक महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उल्लास और धार्मिक श्रद्धा का वातावरण रहा। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा कस्बे के लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होकर डूंगा वाला हनुमान मंदिर पहुँची। कलश यात्रा में 551 कलश सजाये गये एवं 51 निशान हाथों में लेकर चल रहे श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भावना देखते ही बन रही थी। कलश यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालू अपने-अपने कलशों के साथ गाते-बजाते हुये शामिल हुये। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा धार्मिक आस्था और एकता का प्रतीक बनी। वहीं एकादशी को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ। बाबा श्याम की 56 भोग की झांकी सजाई गई एवं आतिशबाजी भी की गई। जागरण में भजन गायकों ने अपने स्वर से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली से राहुल संवार, जबलपुर से प्रीति सर्गम और लखनऊ से एकता रस्तोगी ने अपने भजनों से समूचे माहौल को भक्ति में रंग दिया। उनका गायन भक्तों को पूरी तरह से झूमने और भगवान की महिमा में खो जाने के लिए प्रेरित कर रहा था। साथ ही भक्तगण गगनभेदी भजनों के साथ बाबा श्याम की आराधना करते हुए भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम बाबा का भंडारा प्रसादी करके वार्षिकोत्सव संपन्न किया गया। इस मौके पर खाटू श्याम मंदिर से निज सेवक इंद्र सिंह चौहान, सुनील शास्त्री, नीले के सारथी ग्रुप से महेश अग्रवाल, पराग गुप्ता, सोनू अग्रवाल, मनोज भारद्वाज, अशोक मीना, अनिल अग्रवाल, वंश, दीपांशु, केशव, मेहुल, रोहित, राहुल, रघुवीर, श्रीराम सत्संग मंडल के आनंद पंडित, सुनील कुमार, मनोज सोनी, दीपक बंसल, विक्रम सरपंच, सन्नी जिंदल, मनोज पार्षद, गौ सेवार्थ मंडल, लंगुर सेवा समिति, वानर सेवा समिति, श्याम परिवार मंडल, स्वच्छता सेवा दल से प्रवीण बंसल, रामप्रकाश बंसल, रवि यादव समेत अन्य मौजूद रहे।



# विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा एवं कैरियर मेले का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर शहर के पीएम श्री राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को परीक्षा पे चर्चा एवं कैरियर मेले का आयोजन हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश गुप्ता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अलवर द्वारा सरस्वती दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। इसके पश्चात करियर मेले का आयोजन किया। मेले के विभिन्न रोजगार तथा चिकित्सा अभियंत्रिक वाणिज्य स्वरोजगार के विभिन्न स्टाल लगाए गए प्रतियोगिता में स्वरोजगार स्टॉल प्रथम पर रहा। विभिन्न संस्थाओं एवं उद्योगों से वार्ताकार उपस्थित हुए जिनमें धीरज जैन सीए, पंकज शर्मा फर्मेसी,डॉ. अनिल जैन(आयुर्वेद चिकित्सक) डॉक्टर सविता गुप्ता, शशांक झालानी डायरेक्टर सीबा मसाला उद्योग,मंजू चौधरी मानस ग्रुप, संजय वन विभाग, दिनेश शर्मा,अशोक आहूजा सुभाष चंद्र ने विद्यार्थियों का कैरियर संबंधित उपयोगी जानकारी से अवगत कराया। कैरियर प्रभारी राजेश जैन बच्चों को उपयोगी जानकारी दी तथा प्रधानाचार्य संतोष कुमार यादव द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# खेल प्रतिभाओं को सम्मानित कर बढ़ाया हौंसला



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में युवा खिलाड़ियों ने कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, वॉलीबॉल सहित दौड़ में खिलाड़ियों ने अपना हुनर दिखाया। यह खेल उत्सव निश्चित ही खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारे लोकप्रिय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री वन एवं पर्यावरण भूपेंद्र यादव के मार्गदर्शन और सानिध्य में संपन्न हुआ जिसमें जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी और दायित्ववान कार्यकर्ता और जिले के आम जन ने पूर्ण सहभागिता प्रदान की। शायद अलवर के इतिहास में इस तरह का खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का प्रथम आयोजन संपन्न हुआ। भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता ईश भारद्धाज ने खेल प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया।

# निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर पन्द्रह को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से मारुति आयुर्वेदा के सहयोग से पन्द्रह फरवरी को पुरुषार्थी धर्मशाला विवेकानंद चौक पर एक दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जिले के नामी आयुर्वेद चिकित्सक मरीजों का इलाज करेंगे ओर दवाइयां भी दी जाएंगी। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि शिविर में जाने-माने आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. पवन शेखावत, डॉ.मुरारी लाल भारद्वाज, डॉ. बिशन चंद सैनी, डा. मुकेश प्रजापत, डा. अनिल जैन, डॉ. रेणु ग्रोवर और डॉ. रीटा ग्रोवर हैं। इस शिविर में सहयोग करने वाली फार्मा कंपनियां विजय लाइफ केयर, गणेश फार्मास्यूटिकल, यूनाइटेट फार्मास्यूटिकल, आयु कल्प, श्री धनवंतरी हर्बल, एमपीआईएलए एस जी पैथो फार्मा हैं।

# उपखण्ड अधिकारी ने किया फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण

## लक्षित किसानों की आईडी बनाने व विभागीय योजनाओं से लाभांवित कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर ने सोमवार को बहादुरपुर एवं तूलेडा में किसानों की फार्मर आईडी बनाने एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसानों को लाभांवित कराने के लिए लगाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया। और उपखण्ड अधिकारी अलवर ने शिविर के निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए रजिस्ट्रेशन संबंधी काउंटरों पर किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेकर उपस्थित लोगों से योजनाओं के लाभ से संबंधित फीडबैक लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर में आने वाले किसानों की अधिक से अधिक फार्मर आईडी बनाने के साथ उन्हें पात्रातानुसार केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभांवित करावे।

उन्होंने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करावे ताकि अधिकाधिक किसान इन शिविरों का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने किसानों से कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर तीन दिवस तक लगाए जा रहे हैं अत: अपने आसपास के क्षेत्रा के किसानों प्रेरित कर इन शिविरों से लाभांवित करावे।

### अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक

# गंभीर बीमारी से पीड़ित स्कूली बच्चों की सर्जरी को मिले प्राथमिकता : कलेक्टर

## आयुष्मान भारत के तहत सूची बद्ध स्कूली बच्चों के लिए दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की कार्य योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

### शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष जोर

कलक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों का सर्वेक्षण कर जर्जर भवनों एवं शौचालयों की सूची तैयार की जाए और खतरनाक भवनों में आवाजाही पर तुरंत रोक लगाई जाए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत स्कूली बच्चों की सर्जरी में गंभीर बीमारी से पीड़ित छात्रों को प्राथमिकता देने तथा उनकी शीघ्र सर्जरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके लिए चिकित्सा विभाग एवं मेडिकल कॉलेज को आवश्यक समन्वय बनाने को कहा। साथ ही, छात्रों के लिए विशेष आई चेकअप कैंप आयोजित करने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश भी दिए।

### जल, स्वच्छता एवं ऊर्जा पर विशेष ध्यान

पीएचईडी विभाग को आगामी मौसम के लिए ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए।

वहीं, उन्होंने कहा हॉस्टल्स में फूड एवं वाटर सैंपलिंग कराई जाए, ताकि परीक्षा के दौरान छात्रों एवं आमजन के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके। पीएम सूर्य घर योजना के तहत बिजली विभाग को औद्योगिक इकाइयों और बड़े उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए बैठक एवं कार्यशाला में माध्यम से प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।



**स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश :** जिला कलक्टर ने आयुष्मान कार्ड वितरण में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव सेवाएं उपलब्ध हों, जिससे मेडिकल कॉलेज एवं बड़े अस्पतालों पर अनावश्यक भार न पड़े।

**शहर की स्वच्छता एवं विकास पर फोकस :** कलेक्टर ने नगर निगम व केडीए को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए और सभी विभागों से संपर्क में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने को कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम आयुक्त अनुराग भार्गव, केडीए सचिव कुशल कोठारी, सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुवानियां हाई स्कूल में हुआ केरियर मेले का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जजावर ( पदम शाह )।** नैनवां ब्लाक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुवानिया में आज केरियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के केरियर विशेषज्ञों ने छात्र छात्राओं को अलग अलग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लाभान्वित किया। स्कूल के प्रिंसिपल प्रभूलाल नोगिया ने बताया कि केरियर मेले के माध्यम से मुख्य रूप से पुलिस उप अधीक्षक राजूलाल मीणा ने जहां छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम,सड़क सुरक्षा,पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर जानकारी प्रदान की वहीं पुलिस सेवा में रोजगार के अवसर को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए प्रेरित किया। बैंकिंग सेवाओ को लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक शैलेश पाटनी ने बैंकिंग सेवा मे जाने के लिए की जाने वाली तैयारी एवं प्रयास सहित सुकन्या समृद्धि योजना, बैंक खाते संबंधित जानकारी स्वरोजगार एवं अन्य ऋण योजनाओ के बारे मे बताया। मेले मे रिंकू जैन ने जहां कॉमर्स में जॉब की संभावना के बारे में बताया, वहीं साइंस में आगे जाके रोजगार के अवसरों की जानकारी दिव्या चोपड़ा द्वारा विद्यार्थियों को दी गई कृषि विज्ञान में पूर्व कृषि पर्यवेक्षक मोहनलाल बैरवा ने कृषि संबंधित कोर्स बताए, अन्य विशेषज्ञों में रामसहाय बैरवा ने लघु कुटीर उद्योग सेवानिवृत अध्यापक बाबूलाल बैरवा ने शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी देकर छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया । नोगिया ने बताया कि मेले मे पीईईओ क्षेत्र के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर चार्ट मॉडल बनाकर स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया। इससे पूर्व पीईईओ कमलकुमार मरमिट ने करियर मेले की उपयोगिता एवं इस प्रकार के आयोजन को लेकर सरकार की सकारात्मक सोच पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। आयोजन के समापन पर प्रिंसिपल नोगिया ने सभी वार्ताकारों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद सैनी ने किया।

# महाकुम्भ से लौट रहे कार सवार युवक से मारपीट, दो टोलकर्मियों को शांतिभंग में पकड़ा

## कैश में टोल टेक्स नहीं देने पर हुआ विवाद

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** जिले के सांगोद थाना क्षेत्र के टोल नाके पर कुम्भ से लौट रहे कार सवार युवकों से टोलकर्मियों के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार सवार युवकों के द्वारा टोल टेक्स कैश में नहीं देने पर टोलकर्मियों ने इनसे मारपीट कर गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। पीड़ित की शिकायत पर दो टोलकर्मियों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना सांगोद-बपावर रोड स्थित बोरदा टोल नाके की है। कार सवार युवक गुजरात के सूरत के रहने वाले हैं। ये प्रयागराज महाकुम्भ से वापस सूरत लौट रहे थे।

### पुलिस ने यह दी जानकारी

सांगोद थाने के एएसआई महेंद्र ने बताया कि टोल कर्मचारी और कार सवार के बीच टोल काटने को लेकर कहासुनी हुई थी। सूचना पर मौके पर गए। कार सवार की शिकायत पर दो टोलकर्मियों को शांतिभंग में पकड़ा है। परिवादी गुजरात के सूरत के निवासी भरत लाल ने बताया कि व अपने भाई दिलीप सहित रिश्तेदारों के साथ प्रयागराज कुम्भ मेले में स्नान करके वापस सूरत लौट रहे थे। सुबह 8 बजे के करीब बपावर और सांगोद के बीच टोल नाके पर टोल कर्मियों ने फास्ट टैग की जगह कैश में टोल टेक्स देने को कहा।

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का भावभीना आयोजन, विद्यार्थियों ने सुनाए अपने अनुभव

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, श्रीनाथपुरम् में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का भावभीना विदाई समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा नागरिक सहकारी बैंक एवं श्री माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला थे। इन्होंने दीप प्रज्वलन करने के साथ मां सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में माहेश्वरी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों सहित उपाध्यक्ष नंदकिशोर काल्या, मंत्री विट्ठलदास मूंदड़ा और कोषाध्यक्ष राजेन्द्र शारदा भी मौजूद रहे । कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11वीं की छात्रा आर्या जैन द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के समन्वय से तैयार की गई थी। नृत्य एवं संगीत से सजे इस समारोह में 11वीं के विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त किया। इस अवसर पर 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए वर्षों के अनुभव, शिक्षकों की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन को साझा किया।

### विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है विदाई समारोह

मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने अपने सम्बोधन में कहा कि, 卐विदाई समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह वह क्षण है जो आपको विद्यालय में बिताए सुनहरे पलों की याद दिलाता है और एक नई जीवन यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है।卐 उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थी भविष्य में कितनी भी ऊंचाइयों को छू लें, वे अपने विद्यालय और गुरुजनों के योगदान को कभी नहीं भूल पाएंगे।

**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मिस्टर एमपीएस का खिताब काव्य जोशी और मिस एमपीएस का खिताब अधिश्री काबरा को दिया गया। और अन्य पुरस्कारों में मोस्ट टेलेंटेड, बेस्ट अटायर, बेस्ट वॉक मेल-फीमेल, क्यूटेस्ट स्माइल, मोस्ट इनोवेटिव और ऑल राउंडर श्रेणियां शामिल थीं।

**विभिन्न भाषाओं में समझाया फेयरवेल का अर्थ :** विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं में फेयरवेल के अर्थ समझाते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने गुरुओं का सम्मान करने और जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। उप-प्राचार्या भक्ति निगम ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन हेड गर्ल वंशिका काबरा और हेड बॉय मनुल माहेश्वरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मैले का आयोजन हुआ



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** सोमवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मैले का आयोजन किया गया। इस मैले में मुख्य अतिथि नवीन यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश सैनी बाबा तथा कैरियर मेला प्रभारी बनवारी नागर रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्योति गुर्जर ने तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विजय कुमार मीणा ने की। इस कैरियर मैले में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर प्रजापति ने बैंकिंग क्षेत्र, महेंद्र पाल ग्रामसेवक ने एग्रीकल्चर, जनक पाल ठाकुर ने आईटीआई क्षेत्र एवं मेडिकल क्षेत्र से दीपक कुमार शर्मा ने विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिताएं एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इनमें निबंध प्रतियोगिता, चार्ट प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस दौरान नवीन यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सभी को अपने-अपने क्षेत्र में उच्च पदों पर जाने के लिए प्रेरित किया तथा बालकों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार तथा पढ़ेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया का स्लोगन भी दिया। इस कार्यक्रम में सहायक प्रभारी कृष्ण कुमार गोचर, विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक गण एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# कोटा-झालावाड़ मार्ग पर दरा में लगा जाम, दो घंटे तक फंसी रही एम्बुलेंस

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (कोटा)।** रामगंजमंडी क्षेत्र से कोटा जाने वालों को 10 से 12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है। इससे कोटा के लिए रैफर मरीज समय से अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे कई मरीज अब तक दम तोड़ चुके हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को भी सामने आया। नेशनल हाइवे 52 कोटा-झालावाड़ मार्ग पर दरा में लगने वाला जाम एक मरीज के लिए जानलेवा हो गया। दरा में लगे जाम में एम्बुलेंस के फंस जाने से एक मरीज को समय पर उपचार नहीं मिल सका । अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उसने दम तोड़ दिया।? यही नहीं जाम के कारण ही इस मरीज के शव को वापस अपने घर लाने में भी परिजनों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। इस पर परिजनों ने आक्रोश जताया है। खैराबाद निवासी अमीन टेलर (55) पुत्र अब्दुल गफूर को सुबह सीने में दर्द होने पर परिजन इन्हें रामगंजमंडी के अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद अमीन टेलर को दिल का दौरा पड़ने की बात कहते हुए तुरंत कोटा रैफर कर दिया। इस पर परिजन एम्बुलेंस से उन्हें लेकर कोटा के लिए रवाना हुए। मगर रास्ते में दरा में लम्बा जाम लगा हुआ था। इससे एम्बुलेंस को भी रास्ता नहीं मिल सका। दरा से निकलने में एम्बुलेंस को करीब दो घंटे लग गए। इससे अमीन की तबीयत और बिगड़ गई। एम्बुलेंस जैसे ही कोटा के निजी अस्पताल में पहुंची तो इसके गेट पर ही अमीन ने दम तोड़ दिया। डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मृतक के भाई ने यह जानकारी दी**

शहर में टेलर का काम करने वाले मृतक के भाई मुस्तकीम ने बताया कि यहां से जब अमीन को रेफर किया गया, तब तबीयत ज्यादा खराब नहीं थी, लेकिन जाम में फंसे रहने के दौरान तबीयत और बिगड़ गई। यदि जाम में नहीं फंसते तो समय पर उपचार मिल जाता, इससे अमीन की जान बच सकती थी। अमीन के दो पुत्र व एक पुत्री है।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर दम्पती ने दोस्तों के साथ नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा, दूसरों को भी किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** रेलवे स्टेशन क्षेत्र निवासी देवेंद्र सिंह भाटी ने अपनी शादी की छठी वर्षगांठ पर अपनी पत्नी सहित नेत्रदान का संकल्प लिया। भाटी ने बताया कि उनकी पत्नी रूपवती यादव 3 साल से आरोही लकवा जीबीएस नामक बीमारी से ग्रसित है। इसके चलते वह चलने-फिरने में असमर्थ है। वैवाहिक वर्षगांठ पर उनकी धर्मपत्नी ने ही पहले नेत्रदान की इच्छा जाहिर की।? उन्होंने अपने मित्रों को यह बात बताई तो उन्होंने भी इसके लिए प्रोत्साहित किया तथा खुद भी इसके लिए तैयार हो गए। इसके पर उन्होंने शाइन इंडिया फाउंडेशन संस्था को कॉल कर अपने मित्रों के साथ नेत्रदान का संकल्प लेने की बात कही। इसके बाद उन्होंने व उनकी पत्नी के अलावा मित्र रोहित शर्मा, नीरज सिंह, सुनील सैनी व दिनेश शर्मा ने भी नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरा। इसका प्रमाण पत्र भी उन्हें संस्था से मिल गया है। भाटी ने कहा कि नेत्रदान महादान है। नेत्रहीन व्यक्ति को इससे नया जीवन मिल जाता है।

# संगीतमय भागवत कथा का 7 वें दिन हुआ समापन

## श्रीराम जानकी मंदिर के 33 वें वार्षिकोत्सव पर हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** श्रीराम जानकी मंदिर के 33 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित की गई भागवत कथा का सोमवार को 7 वें दिन समापन हो गया। मंदिर के पूर्व मीडिया प्रभारी परमानंद महावर ने बताया कि केशवपुरा, सेक्टर 4 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के परिसर में ही यह आयोजन किया गया इसमें पं. राजेन्द्र पारीक ने अंतिम दिन भगवान कृष्ण व सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी। जो मित्र विपत्ति में, संकट में, दुख में काम आए, साथ निभाए, वही सच्चा मित्र होता है। जो मित्र दुख में साथ ना दे, ऐसे मित्र का मुख देखने में भी पाप लगता है । अंतिम दिन कथा के यजमान गोविंद लाल मीणा बामली वाले व उनकी पत्नी मनभर बाई मीणा थे। स्थानीय वार्ड पार्षद को कथा वाचक राजेन्द्र पारीक ने दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। उप महामंत्री कृष्ण अवतार राठौर ने बताया कि इस मौके पर जगदीश सिंह हाड़ा मोनिका नामा, राकेश मेहरा, मोहनलाल शर्मा, संरक्षक बृजमोहन सेन, कृष्ण अवतार राठौर, रामबाबू गुप्ता, योगेन्द्र राठौर, सूरजमल दाधीच, पूर्व पार्षद कमलेश पारेता, महावीर नागर, पुरुषोत्तम राठौर, राधेश्याम राठौर, महावीर सेन, योगेन्द्र सुमन, पन्नालाल यादव, दीपक शर्मा, कृष्णा सुमन नाथावत, महामंत्री उम्मेदसिंह मौसलपुर, गोपाल मीणा, पूजा मीणा आदि मौजूद रहे।

# विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न, 168 लोग हुए लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 176 महिला तथा 190 पुरुषों ने परामर्श लिया। जिसमें से ऑपरेशन करने योग्य कुल 168 महिला पुरुषों का लैंस प्रत्यारोपण किया गया। यह नेत्र शिविर इब्राहिम गांधी स्मृति संस्थान लाखेरी, चिकित्सा विभाग, बहुउद्देशीय जनकल्याणकारी समिति कोटा तथा जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिविर में रोगियों की आंखों का परीक्षण नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधीर गुप्ता द्वारा किया गया। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि सी एल प्रेमी विधायक, के पाटन तथा अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह पूर्व प्रधान ने की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी मरीजों को अतिथियों द्वारा आंखों की दवाई तथा चश्मो का निशुल्क वितरण किया गया।

# 11 वीं की छात्रा को सहपाठी लड़के ने घर आकर शादी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी, लड़की ने डीजल उड़ेल कर आग लगा ली

### आरोपी लड़का स्कूल आते-जाते समय भी रास्ता रोककर तंग करता था, पुलिस कर रही है उसकी तलाश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले के इटावा कस्बे के स्कूल में 11 वीं कक्षा की छात्रा ने सहपाठी छात्र की धमकी से परेशान होकर खुद पर डीजल उड़ेल कर आग लगा ली। 9 फरवरी, शनिवार को हुई इस घटना में झुलसी इस बालिका का कोटा के एमबीएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस आरोपी लड़के की तलाश कर रही है। घटना से एक दिन पहले 8 फरवरी को इसने लड़की के घर जाकर शादी नहीं करने पर जान से मार देने की धमकी दी थी। इटावा थाना अधिकारी संदीप बिश्नोई ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित लड़की के परिजनों ने लड़के के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच की जा रही है।

**मां ने यह दी जानकारी :** दूसरी ओर, छात्रा की मां ने बताया कि वह 8 फरवरी, शुक्रवार को खेत पर गई हुई थी। पीछे से घर पर बेटी अकेली थी। इस बीच वहां आरोपी लड़का आया और बेटी को धमकी दी। छात्रा की मां के अनुसार लड़के ने कहा कि, मुझसे शादी कर ले, वरना जान से मार दूंगा। उनके घर लौटने पर बेटी ने इस मामले की जानकारी दी। उसने बताया कि यह लड़का उसकी क्लास में ही पढ़ता है। यह स्कूल आने-जाने के दौरान उसका रास्ता रोककर परेशान भी करता है। इसके अगले दिन 9 फरवरी को मां नहाने गई तो पीछे से बेटी ने खुद पर डीजल उड़ेल कर आग लगा ली। इसके बाद उसकी चीख सुनकर जैसे-तैसे आग को बुझाया और उसे इटावा के स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। यहां उसका इलाज चल रहा है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

## चले लाठी-डंडे, ट्रैक्टर से टीनसेड गिराया, एक दूसरे ने कराई रिपोर्ट दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** जमीनी विवाद में दो पक्षों में झगड़ा हो गया नगला तेजा गांव में 5 फरवरी को हुई इस घटना का वीडियो अब सामने आया है। वीडियो में एक पक्ष ट्रैक्टर-ट्रॉली से टीनशेड को तोड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया-विवाद मुकेश जाटव और गंगा सिंह पक्षों के बीच शुरू हुआ। मुकेश पक्ष का आरोप है कि गंगा सिंह ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी टिनशेड को तोड़ दिया और परिवार के सदस्यों को कुचलने का प्रयास किया। वहीं, गंगा सिंह का कहना है कि मुकेश और उसके परिजन उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे थे और मना करने पर उन्होंने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। पहले दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई,फिर नौबत हाथापाई और गाली-गलौज तक पहुंच गई। ट्रैक्टर से बार-बार टिनशेड को टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया। डिप्टी एसपी कृष्णराज ने बताया-दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ सदर थाने में मुकदमे दर्ज कराए हैं। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो आधा-अधूरा है। मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया था। पूरी घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।

# कैरियर केवल व्यवसाय चुनना नहीं है बल्कि जीवन का जीवन पथ है : प्राचार्य पुष्पेंद्र सिंह



बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में कैरियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर बबलू शर्मा शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा मेडिकल के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं एवं उसकी तैयारी तथा सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक आनंद प्रकाश धाबई के द्वारा खेल एवं क्रीड़ा के विषय में कैरियर और उसकी तैयारी तथा दीपेश शुक्ल द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी तथा नवाचारी तकनीकी के विषय में विद्यार्थियों से संवाद किया । विद्यार्थियों के द्वारा प्रश्न उत्तर के माध्यम से अपने कैरियर की शंकाओं का समाधान किया । कैरियर मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न संकायों में विषय चयन तथा उपलब्ध रोजगार के अवसर विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा रिज्यूम निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा कक्षा अनुसार अपनी अलग अलग स्टॉल लगाई ।केरियर डे प्रभारी मनीष गुप्ता के द्वारा राजकीय सेवा में जाने के लिए रणनीति और उसकी तैयारी के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि कैरियर केवल व्यवसाय चुनना नहीं है बल्कि जीवन का जीवनपथ है जिस पर चलकर के हम अंतिम लक्ष्य तक पहुंचते हैं । इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ सहित अभिभावक मौजूद रहे ।

# गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद 10 मार्च से प्रारम्भ होगी

## एमएसपी 2425 रुपये पर राज्य सरकार ने घोषित किया 125 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद पांच केन्द्रों पर 10 मार्च से प्रारम्भ होकर 30 जून तक की जायेगी। किसान 25 जून तक ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीयन करा सकेंगे। जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि गेहूं बेचान हेतु किसानो को अपना पंजीकरण खाद्य विभाग, राजस्थान सरकार की वैबसाइट https:@@food.rajasthan.gov.in पर दिये गए गेहूं खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन के लिंक से ई-मित्र, अटल सेवा केंद्र, स्वयं अथवा अन्य माध्यम से करवाना होगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया 01जनवरी 2025 से प्रारम्भ हो गई है जो कि 25 जून 2025 साँय 7 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु काश्तकार का जनआधार कार्ड आवश्यक है। फसल बेचान के समय किसान को जनाधार कार्ड, गिरदावरी, बैंक खाते के विवरण की मूल प्रतियाँ खरीद केंद्र पर प्रस्तुत करनी होगी । उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं की खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विटल निर्धारित किया गया है एवं राजस्थान सरकार द्वारा 125 रुपये प्रति क्विटल का बोनस घोषित किया गया है। इस प्रकार किसानों को गेहूं बेचान पर 2550 रुपये प्रति क्विटल का मूल्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा किसानो को अपने नजदीकी खरीद केंद्र पर फसल बुवाई की प्रमाणिकता हेतु आवश्यक दस्तावेजों की समस्त औपचरिकतायें पूरी करते हुए भारत सरकार के मापदंडों के अनुसार साफ़ सुथरा गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार को बेचने एवं उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु अपील की गई है। उन्होंने बताया कि खरीद एजेन्सी द्वारा किसानों की उपज का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में गेहूं बेचान के 48 घंटों में नियमानुसार कर दिया जावेगा

# परीक्षा एवं कैरियर पर चर्चा के साथ पोस्टर निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मे राज्य सरकार से जारी निर्देशानुसार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आयोजन के बाद कैरियर मेले का आयोजन किया गया । वरिष्ठ अध्यापक उत्कर्ष जैन ने बताया कि सोमवार को विद्यालय मे कैरियर मेले की शुरूआत प्रधानाचार्या शारदा यादव के अभिभाषण से हुई । विध्यार्थीओ को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के बारे मे बताकर उन्हे पढ़ायी के बाद कैरियर केसे बनता है ओर किस किस तरह से कैरियर मे उन्नति कर सकते है ।

# समता आंदोलन किसी जाति धर्म क्षेत्र के खिलाफ नहीं है : पाराशर नारायण शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** देश से भ्रष्टाचार जातिवाद क्षेत्रवाद की राजनीति समाप्त हो और एक राष्ट्र एक जान,हर इंसान एक समान,मेरा देश महान के उद्देश्यों को लेकर समता आंदोलन आगे बढ रहा है।समता आंदोलन किसी जाति, धर्म, क्षेत्र के बिल्कुल ही खिलाफ नहीं है।इसके उद्देश्य देश को आगे ले जाने वाले हैं। यह कहना है समता आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा का पाराशर नारायण शर्मा डीग जिला मुख्यालय पर समता आंदोलन बैठक को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण समाप्ति का मुद्दा उठाया तो आज उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में पदोन्नति में आरक्षण बंद है।देश के महान बनने में जातिगत आरक्षण बड़ा रोड़ा है इसके कारण चुनावों में जातिगत आरक्षण के आधार पर टिकिट वितरण में योग्य व्यक्ति को टिकिट नहीं मिलता,नौकरियों में आरक्षण के कारण योग्य का चयन नहीं हो पाता पदोन्नति में आरक्षण से अयोग्य अधिकारी बनने से प्रशासनिक दक्षता में कमी आ रही है।जाति के आधार पर मंत्रीमंडल का गठन होता है।प्रजातंत्र में विपक्ष का कमजोर होना देश हित में नहीं, विपक्षी दल राष्ट्रीय मुद्दों की बात ना कर वोट बैंक या ओछी राजनीति करने लगते हैं जिससे देश को बहुत बड़ा नुकसान होता है।श्क्ङ्कस्न के पांचों मानदंड सभी संवर्गों में लागू होने से वास्तविक कमजोर को लाभ मिलेगा।सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण में आरक्षण यानि कि उपवर्गीकरण का निर्णय देकर आरक्षित वर्ग में वंचित जातियों के लिए व क्रीमीलेयर की सलाह देकर न्याय दिया है। एट्रोसिटी एक्ट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समता आंदोलन जातिगत भेदभाव के विरुद्ध है हर इंसान एक समान का उद्देश्य ही यही है कि देश हर नागरिक समान है उसे सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने का हक है।एट्रोसिटी करने वाले के विरुद्ध है लेकिन एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग के भी विरुद्ध है।एट्रोसिटी के झूंठे मुकदमों सामान्य वर्ग के पीडित के साथ है यदि उसने एट्रोसिटी की है तो उसके साथ नहीं है। इस अवसर पर भरतपुर से संभाग अध्यक्ष शैक्षिक प्रकोष्ठ ओमप्रकाश शर्मा,श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा,समता आन्दोलन जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर शहर अध्यक्ष सुनील बंसल सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता देवकीनंदन शहर सचिव मनीष गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष योगेश कुमार जैन अशोक कुमार सारस शिव कुमार मनीष सौनी एडवोकेट शुभनेश पाराशर राकेश शर्मा डीग से पत्राकार दीप चन्द, उमेश पाराशर,सीताराम पाराशर,. देवीप्रसाद पाराशर ,मनोज कुमार खण्डेलवाल, रेवती प्रसाद, जय नारायण व्यास, मोती लाल, लक्ष्मण प्रसाद, जगत पाराशर ,नरेन्द्र पाराशर, राजेश कुमार, राकेश कुमार, हेमराज, भूदेव लवानियां योगेश पाराशर ,मुनेश कृष्ण कांत ,नगर से महेन्द्र सिंह शर्मा आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### विधानसभा व लोकसभा में आरक्षित सीटें रोटेशन से हो

समता आंदोलन की सर्वोच्च न्यायालय में रिट चल रही है कि विधान सभा व लोक सभा में आरक्षित सीटें रोटेशन से की जाएं जैसे कि लोकलबॉडीज में है या राजनैतिक दल टिकटें आरक्षित करें।आरक्षित सीटें कई कई दशकों से आरक्षित हैं वहां सामान्य वर्ग का चुनाव ही नहीं लड सकता केवल वोट दे सकता है । यह नियम हमें चुनाव लडने के मौलिक अधिकार से वंचित करता है।क्या यह न्याय संगत है विचार करे। कार्यक्रम को भरतपुर जिला अध्यक्ष केदारनाथ पाराशर सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पाहार ,दीप प्रज्वलित कर की।तत्पश्चात आगन्तुकों का समता आंदोलन का पटका पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया।



# संपूर्ण अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंडअधिकारी को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** संपूर्ण अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट धनेद्र कुमार पाण्डेय् की अगुवाई में विनोद कुमार शर्मा तहसील अध्यक्ष के सानिध्य में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी भुसावर को ज्ञापन सोपा है । उपखंड अधिकारी भुसावर राधेश्याम मीणा को अपनी 5 सूत्री मांगो को लेकर सौपे गए ज्ञापन में अधिवक्ता सुरक्षा कानून तत्काल प्रभाव से संपूर्ण राजस्थान में लागू करने, 65 वर्ष की आयु एवं 30 वर्ष की वकालत पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओं को पेंशन योजना बनाने, अधिवक्ताओं को मेडिकल क्लेम व बीमा पॉलिसी की व्यवस्था ,न्याय कार्य से जाने पर टोल टैक्स मुक्त करने एवं नए अधिवक्ताओं को 5 वर्ष तक वकालत प्रारंभ करने के काल में 10000/- प्रति माह आर्थिक अनुदान की व्यवस्था की बात कही गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि अधिवक्ता समाज आजादी से लेकर अब तक देशहित में सक्रिय रहा है व अपना बलिदान करता चला आ रहा है। हमारे अधिवक्ता साथियों व उनके परिवार पर लगातार प्राणघातक जानलेवा हमलें होते जा रहे है एवं कई अधिवक्तागण को प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण आत्महत्या करने पर भी मजबूर होना पड़ा है जबकि अधिवक्ता समाज न्याय प्रणाली का महत्वपूर्ण अंग है और समाज में न्याय के लिये समर्पित होकर संघर्षरत रहते हुये न्याय हेतु समाज की रक्षा करता आ रहा है। अधिवक्ता संविधान का प्रमुख स्तम्भ होने के नाते हम अपने संविधान की भी रक्षा करते आ रहे हैं किन्तु आज के परिप्रेक्ष्य में यह महत्वपूर्ण हो गया है कि सरकार हमारे अधिवक्ता समाज को भी सुरक्षा प्रदान करते हुये एवं सुरक्षा के उपाय करे। इस संबंध में हम सविनय अनुरोध कर आपको निम्नांकित बिन्दुओं पर यह ज्ञापन प्रेषित कर रहे हैं जिससे हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अधिवक्ता समाज की अपेक्षाओं के साथ अधिवक्ताओं की समस्याओं को आप स?द्भाविक रूप से महसूस कर उसका निस्तारण शीघ्र करने की सार्थक पहल आवश्यक रूप से अधिवक्ता हित में करेगें क्योंकि आज सम्पूर्ण अधिवक्ता समाज में अपने दायित्वों के निर्वहन करने में भय व्याप्त है जबकि एडवोकेट एक्ट में अधिवक्ता को ऑफिसर ऑफ द कोर्ट माना गया है जिससे स्पष्ट है कि बार बेन्च का ही अंग है जिसकी सुरक्षा किया जाना विधायिका का दायित्व भी है।



# औचक निरीक्षण में विद्यार्थी घूमते पाए कक्षा कक्षो के बाहर

## प्रधानाध्यापक को लिखित में किया पाबंद



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** दिया तले अंधेरा उपखंड मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर संचालित शाहिद श्री वीरेंद्र कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटामडा मैं कुछ ऐसा ही देखने को मिला जब सोमवार 10 फरवरी 2025 को उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा औचक निरीक्षण पर पहुंचे, अध्यापक शिक्षण कार्य नहीं कर रहे थे विद्यार्थी कक्षा कक्षों से बाहर घूमते पाए गए। प्रधानाचार्य को सख्त हिदायत देते हुए भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु लिखित में पाबंद किया गया। साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया एवं मिड डे मील का खाना और रिकॉर्ड सही पाया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुहारी के निरीक्षण में गंदगी को देख नाराजगी जहर करते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया। समस्त स्टाफ उपस्थित अध्यापन का कार्य करते हुए मिला मिड डे मील के तहत खाना की गुणवत्ता मानक स्तर की पाई गई।

# गुड़गांव केनाल में पानी की मांग को लेकर ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**कामां/ डीग/ भरतपुर ( रेखचंद भारद्वाज )।** किसान संघ कामां की ओर से तहसील अध्यक्ष यतेन्द्र गुलपाडिया की अगवाई में गोपाल सिंह सतवास, हुकमसिंह गुरीरा आदि ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंप कर गुडगांव कैनाल से नोनेरा साइड में पानी छोडने की मांग की है। सहायक अभियंता प्रतिनिधि द्वारा दूरभाष पर अधिशासी अभियंता से बात कर तबीयत अवगत कराया है कि वर्तमान में पानी हथीन पहाड़ी माइनर में चल रहा है दो दिन में नोनेरा साइड में पानी छोड़ा जाएगा। किसान संघ के अध्यक्ष गुल पहाड़िया ने बताया कि 2 दिन में पानी नहीं मिलता है तो कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

# विधायक डॉ रितु बनावत के पति भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल को मिली जान से मारने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और बयाना से निर्दलीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत के पति ऋषि बंसल को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। कॉल करने वाली महिला ने खुद को अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की बहन बताया। बंसल ने फोन पर ही करारा जवाब दिया, जिसके बाद महिला ने कॉल काट दिया। यह घटना 25 जनवरी की सुबह 10.10 बजे की है। बंसल के मोबाइल नंबर 9829******* पर अनजान नंबर 885******** से कॉल आया। फोन करने वाली महिला ने धमकी दी। पहले बंसल ने टालने की कोशिश की, लेकिन जब महिला लगातार धमकाने लगी तो उन्होंने सख्त जवाब दिया। इसके बाद महिला ने फोन काट दिया। करीब 15 दिन पहले बंसल ने भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा को लिखित शिकायत दी। उन्होंने कॉल करने वाली महिला की पहचान कर कार्रवाई की मांग की। शिकायत की कॉपी भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश, एएसपी बयाना और सीओ बयाना को भी भेजी गई। मामला विधायक के पति से जुड़ा होने के कारण पुलिस जांच में जुट गई है। बंसल ने बताया कि घटना के इतने दिन बाद भी पुलिस कॉल करने वाली महिला का पता नहीं लगा पाई। बयाना कोतवाली एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने कहा, धमकी देने की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। फोन करने वाली महिला का पता लगाया जा रहा है।



## 42वीं सारस गणना सम्पन्न

# केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में 14 सारस एवं भरतपुर जिले में 61 सारस मिले

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि पंडित रामकिशन ने कहा कि विश्व आज विनाश के कगार पर पहुंच रहा है। इसमें पर्यावरण एक बहुत बडा कारण है। अगर हमें पर्यावरण को नहीं बचाया तो मानव जाति का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। उन्होने कहा कि ई.आर.सी.पी. आने वाले समय में अगर समयावधि से पूरा हुआ तो निश्चित रूप से भरतपुर जिले को एवं केवलादेव पार्क एवं सुजान गंगा को लाभ होगा ज्ञात रहे कि पिछले 30 वर्षों में पंडित जी ने भरतपुर जिले हेतु पानी के लिए बहुत संघर्ष किया है। पंडित जी ने 42 वर्षों से निरन्तर आयोजित हो रही सारस गणना की सहारना की एवं कहा कि यह प्रयास अद्वितीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए काका रघुराज सिंह ने अपने कथन में कहा कि 42 वर्षों से घना केवलादेव नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी द्वारा आयोजित सारस गणना के कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। और उन्होने कहा कि हम सबने मिलकर पानी के लिए बहुत सघर्ष किया है। उन्होने भरतपुर के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की चर्चा करते हुए बताया कि विश्व में भरतपुर का एक विशिष्ट स्थान है एवं हमें भरतपुर के हर विकास और अच्छे कार्य के साथ मिलजुलकर लगन से कार्य करना चाहिए। यह कहना है पूर्व सांसद शतायु पंडित रामकिशन का पंडित रामकिशन घना केवलादेव नेचुरल हिस्ट्री, सोसायटी भरतपुर द्वारा एवं वन विभाग के सहयोग द्वारा आयोजित 42वीं सारस गणना के आयोजन अवसर पर पत्थर मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन दे रहे थे कार्यक्रम की अध्यक्षता काका रघुराज सिंह ने की। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के करीब 300 बच्चों एवं नेचर गाइडस, वन कर्मियों एवं रिक्शा नेचर गाइड वन्यजीव प्रेमियों ने भाग लिया पार्क एवमं जिला को 17 जोनस में विभाजित कर विभिन्न टीम भेजकर गणना की गई। भरतपुर घना केवलादेव हिस्ट्री सोसायटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार एडवोकेट ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सारस को बचाना ही पर्यावरण को बचाना है। पर्यावरण को बचाना मानव अस्तित्व को बचाना है, अर्थात सारसों को बचाना स्वयं का बचाना है। उन्होने उपस्थित सभी अतिथियों से अपील की कि वह आगे आये और इस दुनिया की अद्भुत एवं अद्वितीय देन केवलादेव घना को बचाये उन्होने कहा कि सारस गणना का मूल उद्देश्य आम जन को पर्यावरण संरक्षण से जोडना है। पार्क के सहायक वन अधिकारी योगेश कुमार ने कहा कि 42 वर्षों से सारस गणना करना और इसका डाटा इकट्ठा कर एवं संकलन करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होने कहा कि सारस गणना का उद्देश्य आप सभी को वन्य जीव संरक्षण से जोड़ना है। अगर आप में से कुछ लोग भी इसका महत्व समझ गये तो यह गणना का कार्यक्रम सार्थक होगा। उन्होने सारस गणना की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया। एवं कार्यक्रम का संचालन डा. एम.एम. त्रिगुणायत भूतपूर्व प्रधानाचार्य आरडी गर्ल्स कॉलेज, भरतपुर ने किया और बच्चों को वन्य जीव से संबधित प्रेरणास्पद संस्समरण सुनाये। कार्यक्रम के मुख्य समन्वय अनन्त कुमार शर्मा ने बताया कि इस सारण गणना के कार्यक्रम को 17 जोनस में विभाजित किया जिसमें 17 टीमों ने सारण गणना के लिए विशेषकर महाराजा सूरजमल विश्वविद्यालय भरतपुर प्राणी शास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र के शोधार्थी छात्र छात्राओं ने भरतपुर जिले की सीमा से लगते हुए यूपी क्षेत्र में गणना की।



# नैनवां पालिका में मिलाये जाने का विरोध जारी

## रजलावता के लोगो ने दिया ज्ञापन, चैथे दिन भी धरने पर बैठे खानपुरा के लोग




बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** स्वास्यत शासन विभाग द्वारा नगरीय विस्तार करके नैनवां ग्रांमीण क्षेत्र के गांवो को नैनवां शहर में मिलाये जाने पर ग्रांमीण आन्दोलनरत है। सोमवार को ग्राम रजलावता व रालड़ी के ग्रांमीणो ने सीएम के नाम एक ज्ञापन उपखण्ड कार्यालय पर दिया गया। ज्ञापन में बताया कि रजलावता एंव रालड़ी गांव की दूरी नैनवां से पांच किलोमीटर से अधिक है। यहां के ग्रांमीणजन पशुपालन एंव कृषि पर आधारित है। नगरीय क्षेत्र में गांवो को मिलाये जाने से यहां की पंचायतराज की योजनाओ से वंचित हो जायेगें। नगरीय क्षेत्र में नशेड़ियो एंव भू माफियाओ का राज हो जायेगा। ज्ञापन के दौरान रामफूल मीणा पूर्व सरपंच,रमेश सैनी उप सरपंच, राजू लाल सेन पूर्व वार्ड पंच,विनोद नगर,शंकर लाल बेरवा वार्ड पंच,कैलाश सैनी, भरत राज जाट,मुकेश नागर, महेंद्र गुर्जर,शहाबुद्दीन,अशोक गुर्जर,छोटू लाल बेरवा,पोकर लाल बेरवा, हरगोविंद सैनी सहित अन्य ग्रांमीणजन मौजूद रहे।

चैथे भी जारी रहा क्रमिक धरना- सोमवार को खानपुरा एंव टोपा गांव के ग्रांमीणजन नगरीय क्षेत्र में मिलाये जाने के विरोध लेकर क्रमिक धरने पर बैठे रहे। दोपहर के बाद ग्रांमीणो ने सीएम के नाम उपखण्ड कार्यालय पर ज्ञापन दिया गया। क्रमिक धरने पर चैथमल माली, पूर्व वार्ड पंच भंवर लाल वर्मा, ग्राम सेवा सहकारी समिति उपाध्यक्ष जगदीश सैनी, जोधराज सैनी, हीरा लाल गुर्जर, लक्ष्मी नारायण बेरवा, प्रभु लाल प्रजापत, भीमराज मीणा, रामकिशन गुर्जर टोपा, बद्रीलाल चोपदार, बबलू, दिलकुश आदि धरने पर उपस्थित रहे।

# आचार्य विद्यासागरजी के चरण चिन्ह पहुंचे केकड़ी

## श्रद्धालुओं ने की भक्तिभावपूर्वक अर्चना



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** प्रख्यात संत अपराजेय साधक दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागरजी महाराज के चरण चिन्ह सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रांत के डोंगरगढ़ क्षेत्र से केकड़ी पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व भक्तिभावपूर्वक चरण पद की पूजा अर्चना की और उन्हें देवगांव गेट के समीप स्थित दिगंबर जैन चैत्यालय भवन में अस्थाई तौर पर विराजमान किया गया। समाज के अरिहंत बज ने बताया कि आचार्यश्री के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर डोंगरगढ़ में निर्यापक श्रमण समतासागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में 108 अष्टधातु के चरण चिन्ह को प्रतिष्ठित किया गया, जिनका केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकार्पण कर देशभर की विभिन्न समाजों को सौंपा गया। उन्होनें बताया कि ऐलक धैर्यसागरजी महाराज के दिशा निर्देश पर ये चरण पद राजस्थान के विभिन्न शहरों में पहुंचे, जिनमें केकड़ी सहित रामगंज मंडी, कोटा, कुन्हाड़ी, ब्यावर, सोनीजी नसिया अजमेर, वैशाली नगर अजमेर, मदनगंज-किशनगढ़, दादियाग्राम किशनगढ़ व कुली सीकर शामिल है। इन सभी जगहों पर चरण चिन्ह पहुंचाने की व्यवस्था केकड़ी के दिगम्बर जैन समाज की ओर से की गई।

# पटेल स्कूल केकड़ी की छात्रा निबंध प्रतियोगिता में जिला स्तर पर रही अव्वल

## एक अन्य छात्रा को मिला सांत्वना पुरुस्कार



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** जिला स्तरीय धार्मिक निबंध प्रतियोगिता में पटेल आदर्श विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी की छात्रा नीतू धाकड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की एक और छात्रा सानिका सुले को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रधानाचार्य रामेश्वर चौहान ने बताया कि आध्यात्म परिवार द्वारा महावीर स्वामी के जीवन व उपदेश विषय पर सात दिसंबर को जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

प्रभारी सरिता जीनगर ने बताया कि छात्रा नीतू धाकड़ को अव्वल रहने पर दस हजार रूपये व प्रशस्ति पत्र तथा छात्रा सानिका सुले को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार आध्यात्म परिवार की ओर से करौली जिले के हिंडौनसिटी में 16 फरवरी को आयोजित एक समारोह में दिया जाएगा। स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्ष बिरदीचंद वैष्णव, उपाध्यक्ष अरविंद गर्ग, जसवंत सिंह, सचिव राजेश शर्मा व अन्य पदाधिकारियों सहित समस्त शिक्षकगणों ने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# मंदिर सनातन संस्कृति की आत्मा : भजनलाल

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** मंदिर सनातन संस्कृति की आत्मा है और यह हमारी भारतीय विरासत को मजबूत करने का काम करते है। मंदिर आस्था के साथ ही सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना के प्रमुख केन्द्र भी है। यह बात राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुण्डिया पहुंचे तथा मंगलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मातृकुंडिया में आयोजित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास के साथ ही विरासत भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है। भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी की इसी सोच पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समर्पित है। लगातार किसानों को बिजली मिले इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं तथा एमओयू किये जा रहे है ताकि 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली की उपलब्धता हो सके। केंद्र सरकार की योजना के अनुसार राज्य सरकार भी किसानों को अनुदान दे रही है। उन्होने कहा कि केवल खेती किसानी से घर चलाना संभव नहीं है इसलिए यह आवश्यक है कि किसान के घर में भी एक व्यक्ति सरकारी नौकरी अथवा प्राइवेट नौकरी भी हो। इसके लिए सरकार कंपनियों के साथ एमओयू कर रोजगार के अवसर भी सृजित रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साल पहले हमारी सरकार बनी थी। भाजपा ने संकल्प पत्र में जो भी वादे किये है वो हमारी सरकार ने पूरे किये है। सरकार ने हर क्षेत्र एवं हर वर्ग के लिए काम करके बताया है।

### मातृकुण्डिया बहुत पवित्र स्थान

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मातृकुण्डिया बहुत पवित्र स्थान है और मैं यहां पहली बार आया हूं। मेवाड का हरिद्वार कहलाया जाने वाली यह पुण्य भूमि है।

उन्होने सांवरियाजी, श्रीनाथ जी, एकलिंग जी, सीतामाता अभ्यारण्य, त्रिपुरा सुन्दरी आदि आध्यात्मिक क्षेत्रों को लेकर कहा कि इन्हे एक सर्किट के तहत धार्मिक पर्यटन के रूप में भी विकसित कर सकते है।





### महाराणा प्रताप एवं महाराणा सूरजमल राजस्थान का गौरव

चित्तौड़ की धरती अत्यन्त गौरवशाली है, षौर्यशाली व स्वाभिमान के साथ ही भक्ति एवं षक्ति के लिए जानी जाती है। मेवाड़ की धरती के कण कण में भगवान शिव साक्षात् विराजमान है। और यह महाराणा प्रताप की धरती है और मै महाराणा सूरजमल की धरती से आता हूं।

### इन्होंने किया स्वागत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सोमवार दोपहर को मातृकुंडिया में बनाए गए अस्थाई हेलीपेड पर पहुंचने पर सांसद सीपी जोशी, सहकारिता मंत्री गौतम दक, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह, बेगू विधायक सुरेश धाकड, भूमि विकास बैंक के चैयरमेन बद्री जाट के साथ प्रशासनिक अधिकारियों जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी सहित् ने स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया

## वरिष्ठ भाजपा नेता टेलर ने कपासन की समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोमवार को मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में भाजपा नगर मंडल कपासन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मेवाड़ी उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर टेलर द्वारा नगर कपासन की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी अनुसार क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अगुवाई में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन पंकज सिरोया,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,भाजपा मंडल महामंत्री एवं नपाक पार्षद अशोक विजयवर्गीय ,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,भाजयुमो के गौरव दाधीच आदि क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा को गुलाब का फूल तथा छिपा के आकोला प्रिंट का दुपट्टा ओढ़ाकर उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा को नगर पालिका कपासन क्षेत्र संबंधी विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया गया।साथ ही नगर क्षेत्र की समस्याओ के शीघ्र समाधान हेतु भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, शनिमहाराज मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी,जिनेंद्र कोठारी,मोहनलाल जाट दामाखेड़ा ,पूर्व प्रधान मोहब्बत सिंह राठौड़,कैलाश अहीर मुंगाना आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# स्वामी रामचरणजी महाराज की 305वीं जयंती पर मंगलवार को होंगे कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** रामस्नेही संप्रदाय के आध्याचार्य रामचरणजी महाराज की 305वीं जन्म जयंती मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विजयवर्गीय समाज के मंत्री दीपक विजयवर्गीय ने बताया कि प्रात: 7.30 बजे पुरानी केकड़ी स्थित रामद्वारा से स्वामी रामचरणजी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महाराजश्री द्वारा लिखित वाणी ग्रंथ को भी सम्मिलित किया जाएगा। यह शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग चारभुजा मंदिर, लोढा चौक, खिड़की गेट, सदर बाजार, घंटाघर, अजमेरी गेट, बड़ पिपलेश्वर होते हुए राम द्वारा में पहुंचगी, जहां संत प्रवचन होगा। उन्होनें बताया कि दोपहर तीन से चार बजे तक भजन-कीर्तन एवं नाम स्मरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात विजयवर्गीय समाज द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होगी, जिनके विजेताओं को पारितोषिक दिया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले समाज बंधुओ को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के मुख्य चुनाव अधिकारी रामस्वरूप विजयवर्गीय होंगे एवं विशिष्ट अतिथि अजयमेरु प्रदेश अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय अजमेर, उपाध्यक्ष एवं प्रभारी अधिकारी अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के प्रभु दयाल विजयवर्गीय किशनगढ़ एवं मीरा मंदिर संयोजक सत्यनारायण विजयवर्गीय अजमेर होंगे। अंत में प्रसादी का कार्यक्रम होगा।

# विश्वकर्मा जयंति पर निकली शोभायात्राओं का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सोमवार को सुथार समाज द्वारा नगर के होलीथड़ा स्थित श्री चारभुजा मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। प्रात- समाजजनों ने मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा की विशेष पूजा अर्चना की, तत्पश्चात शोभायात्रा की शुरुआत हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड बाजे भक्ति गीतों की स्वर लहरिया बिखेरते चल रहे थे। उसके पीछे महिलाएं भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते चल रही थी। एक रथ में भगवान विश्वकर्मा के चित्र की झांकी सजाई हुई थी। शोभायात्रा के नगर के प्रमुख मार्गों में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल द्वारा भी शोभायात्रा का कैंची चौराहे पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, मंत्री कालू सेन, सोशल मीडिया प्रभारी सुनिल चाष्टा, सतीश बाबेल, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, चिराग मंत्री, उपाध्यक्ष आशीष बोड़ाना, कमलेश शर्मा, अजय नागदा, दीपक शारदा, मनोहर पंचौली, भरत शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आमजन ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाल कर सभा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा कस्बे में सोमवार को भव्य चल समारोह निकाल कर समाज उत्थान को लेकर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारीयो ने भाग लिया। शोभायात्रा श्री राम आइस फैक्ट्री मैदान से बैंडबाजों व भगवान विश्वकर्मा की झाकी के साथ शुरू हुई जो कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरी,शोभायात्रा का रास्ते में जगह जगह स्वागत किया ,शोभायात्रा के पुन: आइस फैक्ट्री मैदान पहुंची यहां सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे मुख्य अथिति किशन लाल विश्वकर्मा श्री विश्वकर्मा कास्ट एवं लोह कला बोर्ड मध्यप्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष,डग विधायक कालूराम मेघवाल,मोहनलाल विश्वकर्मा अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा,जिला अध्यक्ष,गोपाल विश्वकर्मा,युवा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष,विशिष्ट अथिति राधेश्याम विश्वकर्मा, सदस्य विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश,सोहन लाल गो रक्षा प्रमुख छत्तीसगढ़, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा प्रदेश अध्यक्ष कास्ट एवं लोक कला बोर्ड सहित राजस्थान मध्यप्रदेश समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारीयो भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए सोहनलाल विश्वकर्मा विश्व हिंदू परिषद गो रक्षा प्रमुख मध्यप्रदेश ने समाज को संगठित होने पर दिया साथ ही नशा मुक्त समाज बनाने,सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने, हर अमावस्या को पूजा करे बच्चो को संस्कार देने व बच्चो को मोबाइल से दूर रखने पर जोर दिया ,क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल ने अपने संबोधन में नशा मुक्ति के लिए शिविर लगाने ,पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने को कहा।समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को व पत्रकारों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चौमहला, गंगधार, उन्हेल नागेश्वर क्षेत्र के सभी समाज जनों भाग लिया,कार्यक्रम का समापन महाआरती,महाप्रसादी के साथ हुआ।

# पीएम श्री स्कूल नैनवां में कॅरियर परामर्श मेले का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** सोमवार को पीएम श्री स्कूल नैनवां में कॅरियर परामर्श मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती विभा गौतम द्वारा की गई। मेले में कॅरियर विशेषज्ञ एवं वार्ताकारों ने विभिन्न तरह की सेवाओं में जाने के इच्छुक विधार्थियो को जानकारी प्रदान की। मेले में डॉ कृष्ण कुमार प्रजापति प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप जिला चिकित्सालय नैनवां ने चिकित्सा क्षेत्र, विवेक बजाज ने बैंकिंग क्षेत्र, श्रीमति नीलोफर अंसारी ने ब्यूटी सियन क्षेत्र, रिंकू जैन ने वित्त प्रबंधन, राजेश स्वामी ने नर्सिंग क्षेत्र और खुशनुद मंसूरी ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कॅरियर सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की। कॅरियर मेले में विद्यार्थीओ द्वारा लेखन कार्यशाला कॅरियर जानकारी, बूथ कॅरियर परामर्श सत्र, इंटर एक्टिव कॅरियर वार्ता, नेटवर्किंग फीडबैक बूथ, मेन्टरशीप सर्कल एवं कौशल कार्यशाला सम्बन्धी स्टॉल लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को परितोषिक वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य विभा गौतम ने आगतुक वार्ताकारों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभिभावक और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**सुवानिया में भी हुआ केरियर मेले का आयोजन :** सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुवानिया में करियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के करियर विशेषज्ञों ने उन्हें अलग अलग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसमें मुख्य रूप से नैनवां थाने से पुलिस उप अधीक्षक राजूलाल मीणा ने साइबर क्राइम,सड़क सुरक्षा,पुलिस कार्यप्रणाली ओर पुलिस सेवा में रोजगार के बारे में बताया, बैंक ऑफ बड़ौदा के बैंक मैनेजर शैलेश पाटनी ने बेकिंग,सुकन्या समृद्धि योजना,बैंक खाते संबंधित जानकारी बताई,रिंकू जैन ने कॉमर्स में जॉब की संभावना के बारे में बताया,साइंस में दिव्या चोपड़ा ने विद्यार्थियों को जानकारी बताई, कृषि विज्ञान में पूर्व कृषि पर्यवेक्षक मोहनलाल बैरवा ने कृषि संबंधित कोर्स बताए,रामसहाय बैरवा ने कुटीर लघु उद्योग के बारे में बताया। .सेवानिवृत अध्यापक बाबूलाल बैरवा ने शिक्षा में रोजगार के बारे में बताया पीईईओ क्षेत्र के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर चार्ट मॉडल बनाकर उन्हें स्टॉल लगाकर प्रदर्शित किया। उसके बाद सभी भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। पीईईओ कमल कुमार मरमिट ने करियर मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रभुलाल नोगिया ने सभी वार्ताकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद सैनी ने किया



# मातृकुंडिया में मुख्यमंत्री के दौरे से जनता निराश : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मातृकुंडिया दौरे को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भैरूलाल चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुवे कहा कि मुख्यमंत्री के मातृकुंडिया आगमन को लेकर आमजन एवं किसान वर्ग के साथ साथ जाट समाज को अच्छी घोषणाओं की उम्मीद थी लेकिन मुख्यमंत्री देश विदेश की चर्चा करके चले गए। उन्होने कहा कि मातृकुंडिया जो की मेवाड़ का हरिद्वार माना जाता है और मेवाड़ वाशियो के आस्था का प्रतीक है जहां काफी उम्मीद लगाई जा रही थी लेकिन यंहा पर 1 रुपए की घोषणा तक नहीं की जिससे धर्म प्रेमी, किसान वर्ग में काफी निराशा एवं हताशा है। जिलाध्यक्ष चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री से आस थी कि मातृकुंडिया बांध का पानी राशमी व कपासन क्षेत्र को मिले लेकिन इसके बारे में भी घोषणा नहीं की जिससे किसान वर्ग में निराशा है। रोजगार को लेकर क्षेत्र काफी विकसित हो सकता है एवं नए उद्योग स्थापित हो सकते हैं लेकिन युवाओं के रोजगार के लिए एवं नौकरी के लिए कुछ भी घोषणा न कर युवाओं के साथ भी छलावा किया है जिसकी कांग्रेस पार्टी गौर निंदा करती है एवं मुख्यमंत्री के दौरे को फेलियर घोषित करती है।



## निकली भव्य घट यात्रा, 81 महिलाओं द्वारा हुई शिखर शुद्धि और याग मंडल विधान की भव्य आराधना सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सुप्रकाशमति माताजी के सानिध्य में बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ क्षेत्र में चल रहे तीन दिवसीय शिखर स्वर्ण कलशारोहण कार्यक्रम के दूसरे दिन आज 81महिलाओ के साथ मंगल कलाश की घट यात्रा निकाली। कुएं से जल भर मंदिर की शिखर की शुद्धि की। तत्पश्चात भव्य ध्वजारोहण हुआ। ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि यह ऐसा दृश्य था मानो स्वर्ग लोक में देवो द्वारा धर्म ध्वजा फहरायी जा रही हो। मुख्य ध्वजा असम के सुजीत जैन एवं सोधर्म इन्द्र विनोद अलका रजावत एवं मुख्य मंडप का उद्धघाटन वीरेंद्र गदिया सहित अनेक इंद्र-इन्द्राणियों ने किया। इास अवसर पर गुरु माँ ने कहा कि इंद्रलोक भी ऐसी पूजा से पीछे हैं क्योंकि जहाँ भक्ति के साथ पूर्ण भाव हो और ऐसा दर्शन होना अपने आप में दिव्य हैं। उन्होंने कहा कि आप भक्ति करों,जीवन खुशियों की राह व आपका पुण्य खोलता हैं। इस भव का पुण्य अगले भव को सुगम बनाता है। अत: हमेशा पूजा प्रभु भक्ति करते रहे। 11 फरावरी को प्रात: दिव्य भव्य जिनभिषेक एवं विश्व शांति हेतु शांति धारा का आयोजन होगा। मुख्य शिखर पर स्वर्ण शीला के 7 शिखर की स्थापना प्रात: 11बजे होंगी। विशेष नवीन भव्य रथ का विमोचन रजावत सोधर्म परिवार द्वारा किया जायेगा। उदयपुर शहर मे ऐसा दिव्य रथ पहली बार जिन मंदिर मे आया हैं। सांय 7 बजे 1501 दीपक के ? ह्रीं स्वस्तिक की भव्य आरती होगी।

## `ओल्ड हाडेद्रा कॉलेज में केरियर मेले का आयोजन

### वक्ताओं ने छात्रों को आईआईटी, के साथ कृषि से भी केरियर बनने की जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी ओल्ड हाडेद्रा कॉलेज, में केरियर मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें महिला अधिकारिता विभाग ,डिजिटल राजस्थान, इन्फोटेक बूंदी, सारंग फूड प्रोडक्ट, पानी पतासी, चावल, ब्यूटी पार्लर, मिट्टी के पोटरी, हैंडीक्राफ्ट और वूलन आदि के स्टॉल लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप कुमावत कृषि अधिकारी कोटा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि राजेंद्र कुमार व्यास जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं ओमप्रकाश गोस्वामी अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रहे। कार्यक्रम में अभिषेक वधवा द्वारा इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की जानकारी दी गई तथा भगवती सिंह हाडा और महावीर द्वारा आईट केरियर की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में भेरू प्रकाश नागर महिला और बाल विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों को करियर गाइडलाइन बताई ।कार्यक्रम में जिला उद्योग अधिकारी शुभकरण ने भी उद्योगों में रोजगार के अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में जगदीश जी अनुरागी द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया तथा प्रजापति ब्रह्माकुमारी से पधारे अलका दीदी और गीता दीदी द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में अपने अंदर की शक्ति को पहचानने के बारे में तथा जीवन में हमेशा शांत रहना सहनशील बनना बताया। स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता कमलेश जैन द्वारा भी विद्यार्थियों को मोटिवेट किया गया। पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत स्थानीय विद्यालय की प्रधानाद्यपिका श्रीमती शबाना गोरी ने किया कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा सभी स्टॉल का भ्रमण कर विभिन्न क्षेत्रों में करियर की जानकारी



दी गई कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन हुआ तथा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया है। कार्यक्रम का संचालन राम सिंह मीणा व्याख्याता द्वारा किया गया।

## महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय धनौरा मे धूमधाम से मनाया कैरियर मेला

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय धनौरा मे कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओ के लिए कैरियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमे कैरियर गाइडेंस के लिए छात्र-छात्राओ को विशेषज्ञो से वार्ता करवायी गई। राजकुमार उपाध्याय प्रधानाचार्य ने बताया कि इस अवसर पर प्रशासनिक सेवा,शिक्षा सेवा,चिकित्सा सेवा, रेल्वे, बैंकिंग, बीमा, पर्यटन, वन सेवा, होटल मैनेजमेंट, लघु उद्योग, सिलाई कढाई, ब्यूटी पार्लर, कृषी सेवा, पशुपालन, पत्रकारिता, खेलकूद, न्यायिक सेवा, भारतीय सेना, स्थानीय व्यवसाय, फैशन डिजाइनिंग, इन्टेरियर डेकोरेशन, फोटोग्राफी, पेन्टिंग, संगीत कला, इत्यादि सेवाओ से सम्बंधित चार्ट, विद्यालय के स्टाफ सदस्यो के मार्गदर्शन मे छात्र-छात्राओ ने बनाकर प्रदर्शित किये गए। इसके लिए छात्र-छात्राए पिछले सात दिन से तैयारी कर रहे थे। उपरोक्त सभी सेवाओ के सम्बन्ध स्टाफ सदस्यो के द्वारा वार्ता दी गई। साथ मे निबंध प्रतियोगिता, पत्र वाचन प्रतियोगिता,कैरियर साहित्य संकलन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी छात्र-छात्राओ को टिफिन,पानी की बोतल पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई। इस अवसर पर विशेष वार्ताकार के रूप मे रमेश चंद्र शर्मा सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारी, कमलनाथ मीना, सेवानिवृत्त व्याख्याता, रामकेश मीना वास्तुकार उपस्थित रहे। मेले मे पच्चीस स्टाल लगाकर मॉडल, चार्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। विशिष्ट अतिथियो के द्वारा स्टालो का अवलोकन कर चार्ट और मॉडल देखकर पांच सर्वश्रेष्ठ स्टाल लगाने वालो को चिह्नित किया गया और उन्हे स्मृती चिह्न देकर सम्मानित किया।

संस्थाप्रधान महोदय के द्वारा कैरियर मेले के सफल आयोजन के लिए सभी स्टाफ सदस्य की प्रशंसा कर सभी को धन्यवाद दिया। तथा विशेष वार्ताकारो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन जसवंत सिंह द्वारा किया गया।




## मार्बल-ग्रेनाइट हैंडिक्राफ्ट सेक्टर में निर्यात एवं प्रौद्योगिकी विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

### मार्बल ग्रेनाईट की स्लरी से बनने वाले उत्पादों का हुआ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विकास कार्यालय (सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार), जयपुर द्वारा एएमपीआरआई भोपाल, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, उदयपुर, रीको, उदयपुर, मार्बल एसोसिएशन, उदयपुर, हैंडिक्राफ्ट एसोसिएशन, उदयपुर के सहयोग से सुखेर स्थित उदयपुर मार्बल एसोसिएशन कार्यालय में मार्बल-ग्रेनाइट हैंडिक्राफ्ट सेक्टर में निर्यातएवं प्रौद्योगिकी विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज कुमार गंगावत ने बताया कि मार्बल-ग्रेनाइट एवं हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में निर्यात एवं नई टेक्नोलॉजी के उपयोग के विषय पर एक सफल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में स्लरी का उपयोगी प्रोडक्ट बनाए के लिए टेक्नोलॉजी की जानकारी दी गई। एमएसएमई व डीएफओ जयपुर के सहायक निदेशक बलराम मीना ने सभी उद्यमीयो का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। सुरेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, जयपुर ने कार्यक्रम थीम के बारे में बताते हुए कहा कि मार्बल-ग्रेनाइट-हैंडीक्राफ्ट के वेस्टेज से कई उपयोगी प्रोडक्ट बनाए जाने की टेक्नोलॉजी विकसित हुई है साथ ही निर्यात संवर्धन से मार्बल-ग्रेनाइट-हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में व्यापार के नए अवसर पनपे है। सीएसआईआर-एएमपीआरआई भोपाल के मुख्य साइंटिस्ट डॉ.आशोकन पी. ने स्लरी से विभिन्न उपयोगी उत्पाद बनाने की सीएण्सआईआर एवं एएमपीआरई की टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी। जिला उद्योग केन्द्र उदयपुर के चौखा राम ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अशोकन पी ने सभी उद्यमियों से कहा कि टेक्नोलॉजी एवं निर्यात से संबंधित स्कीम्स का फायदा लेना चाहिए।

## नरेश मीणा का छायाचित्र बोर्ड स्थापित कर समर्थको ने डीजे की धून पर जमकर किया नृत्य

### जेसीबी से पुष्प वर्षा करके किया स्वागत, रिहाई को लेकर मंदिरों में की पूजा अर्चना



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत रजवास के गांव गुढ़ा आनन्दपुरा में ज्वाला माता समिति के तत्वावधान में नरेश मीणा की जेल से रिहाई के लिए निवाई पीपलू रोड पर गुढ़ा आनन्दपुरा मोड पर बोर्ड लगाकर नरेश मीणा के समर्थन में 25 फरवरी को जयपुर में आयोजित विशाल रैली में भाग लेने का आगाज किया गया।

इस दौरान निवाई पीपलू रोड पर गुढ़ा आनन्दपुरा मोड पर नरेश मीणा के समर्थको ने छायाचित्र बोर्ड स्थापित कर डीजे की धून पर जमकर नृत्य किया। इस मौके पर जेसीबी मशीन द्वारा पुष्पवर्षा कर लोगों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान सैकड़ों महिलाए पुरुष व युवाओं ने नरेश मीणा की रिहाई के लिए जमकर नारेबाजी की। जिससे आसपास का वातावरण नारों से गुंजायमान हो गया। नरेश मीणा के समर्थको ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर नरेश मीणा की रिहाई के लिए अरदास लगाई। इस अवसर पर धोलूराम मीणा, समिति अध्यक्ष रामलाल मीणा, केसरलाल मीणा, नानगराम मीणा, कमलेश मीणा, नमोनारायण मीणा, पप्पूलाल मीणा, रामस्वरूप मीणा, रामधन गुर्जर, शिवराज सैनी, धर्मराज योगी, रामप्रसाद बैरवा व रामधन बैरवा सहित कई समर्थक मौजूद थे।

## वन विभाग के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला : 15-20 लोगों ने लाठी-डंडों से की पिटाई, वनपाल समेत 3 कर्मचारी घायल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले के सोने का गुर्जा क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। विभाग की टीम पहुंची तो 15-20 लोगों ने लाठी, फरसा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में वनपाल सहित तीन कर्मचारी घायल हो गए। वनपाल उग्रसेन निषाद ने सोने का गुर्जा थाने में मामला दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार शनिवार को वन विभाग की टीम जब वनखंड मदनपुर में गश्त कर रही थी, तब गांव खोटवाई के पास पुराने प्लांटेशन एरिया में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो वहां मौजूद 15-20 लोगों ने लाठी, फरसा और कुल्हाड़ी से टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने वृक्षपालक ध्रुवसिंह को जमीन पर पटककर लात-घूसों से मारा। वनपाल उग्रसेन और वनरक्षक गजराज सिंह मीना के साथ भी धक्का-मुक्की की गई और उन्हें थप्पड़ मारे गए।

आरोपियों ने वन कर्मचारियों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और कहा कि अगर वे दोबारा जंगल में दिखे तो उनकी सरकारी गाड़ी को आग के हवाले कर देंगे और जान से मार देंगे। मामले में भूरा पुत्र राजेन्द्र और राजेन्द्र गुर्जर निवासी खोटाबाई



को नामजद किया गया है। और घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है, जिन्हें देखने पर वन कर्मचारी पहचान सकते हैं।

## रोटरी क्लब दृष्टि 51 महिलाओं को करेगी सम्मान, ट्रॉफी का आज हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब दृष्टि महिला दिवस के उपलक्ष में आगामी 3 मार्च को लाभगढ़ पैलेस रिर्सोट में 10 विभिन्न क्षेत्रों की चुनिन्दा 5 महिलाओं को सम्मानित करेगी। क्लब की संरक्षिका डॉ.स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि क्लब पुलिस, मीडिया, एडवोकेट, न्यायाधीश, समाजसेवा , आर्किटेक्ट सहित 10 क्षेत्रों की चुनिन्दा 51 महिलाओं को सम्मानित करेंगी।

समारोह में दी जानें वाली ट्राफी का आज इन्दिरा आईवीएफ के डॉ. अजय मुर्डिया, रूकमणी आर्ट्स के संतोष कालरा, एनआईसीसी की डॅ. स्वीटी छाबड़ा, अरूणोदय आर्ट्स के पुष्पेन्द्र परमार एवं क्रियेशन के राजेश शर्मा ने विमोचन किया।

## बामन टुकड़ा में गायत्री परिवार की ज्योति कलश यात्रा

### शांतिकुंज हरिद्वार के 100 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली गई विशेष यात्रा, धर्मसभा में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आमेट में विशेष ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा प्रभारी विनोद शर्मा के अनुसार, यह यात्रा शाम 6 बजे बामन टुकड़ा में प्रवेश कर केलवा आमेट रोड और बस स्टैंड होते हुए गांव तक पहुंची, जहां धर्मसभा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए पुष्प वर्षा के साथ ज्योति कलश का भव्य स्वागत किया और आरती की। कार्यक्रम में दीप यज्ञ का भी आयोजन किया गया। धर्मसभा में गायत्री परिवार के प्रतिनिधि गुर्जर ने बताया कि यह विशेष रथ यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार के शताब्दी वर्ष और संस्थापक पंडित भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में निकाली जा रही है। इस दौरान सभी ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई व कलश यात्रा के साथ माहौल भक्ति में हो गया इस दौरान सभी ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## शिक्षा प्राप्त करना ही निर्धारित करें अपना उद्देश्य व लक्ष्य : विधायक रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय टोंक लोकेश शर्मा, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय पीपलू शॉलत अली, प्राचार्य देवली महाविद्यालय पूरणमल वर्मा, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय दतवास खेमचंद महावर व अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा ने कहा कि शिक्षा से ही हर क्षेत्र में विकास संभव है बिना शिक्षा के इंसान अधुरा रहता है। इसलिए शिक्षा प्राप्त करना ही अपना उद्देश्य व लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए अभी से ही लक्ष्य निर्धारित करें। समारोह मे अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजकीय कन्या महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्राचार्य पानमल पहाडिया ने प्रस्तुत किया। उन्होंने शैक्षणिक दक्षता के अंतर्गत साहित्यिक व सांस्कृतिक, खेल प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरूकता क्लब के तहत




आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति जैन एवं डॉ रूपा चौधरी ने किया। प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अरनिया मण्डल अध्यक्ष श्योराज गुर्जर, चिरजीलाल झांपडी, आशाराम गुर्जर, देवराज गुर्जर, सीएल मीणा , मदनमोहन महावर, अजयकुमार मीणा व उषा बागडी सहित कई कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## आगरिया विद्यालय में आयोजित हुआ करियर मेला

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आमेट उपखंड पर आज समीपवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आगरिया में आज विद्यालय परिसर में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों का करियर मेला आयोजित किया गया ।करियर मेले की अध्यक्षता रमेश कुमार चाहर ने की। मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार सिंगला प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आगरिया विशिष्ट अथिति प्रमोद कुमार पारीक महिला एवं बाल विकास अधिकारी आमेट कमल कुमार रंजीत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आमेट श्रीमती रूपा सेन मां बंक्यारानी ईमित्र आगरिया राजेश कुमार महावर शंभूलाल शारीरिक आदि ने अपनी वार्ताएं प्रस्तुत की । वार्ताओं के दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रमोद कुमार पारीक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए आने वाले भविष्य के बारे में चुनौतियों का सामना करना एवं भविष्य की मुख्य धारा से जुड़ने का प्रयास कराया ।अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों को बच्चों के साथ शेयर करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम के बारे में




जानकारी दी ।उक्त करियर मेले में अधिकांश बच्चों ने मॉडल एवं चार्ट्स बनाकर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया ।स्थानीय विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन सदीक मोहम्मद नीलगर अध्यापक स्थानीय विद्यालय ने किया।

## कांग्रेसियो ने किया राजेश पायलट को याद, कांग्रेस कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सोमवार को राजेश पायलट किसान संगठन द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री किसान नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की पुण्यतिथि बनाई गई। सबसे पहले राजेश पायलट किसान संगठन के विधानसभा अध्यक्ष ध्रुव शुक्ल के नेतृत्व में राजेश पायलट की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित की गई इसके बाद स्वर्गीय पायलट के जीवन से जुडी बातो पर चर्चा की गई और उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान राजेश पायलट किसान संगठन के जिला अध्यक्ष सोबरन मीणा ने भी दिया। उन्होंने कहा की जब तक देश का किसान देश की संसद में उसका प्रतिनिधित्व नहीं करेगा किसानों की समस्याओ का समाधान नहीं होगा। कार्यक्रम में सेवादल महिला जिला अध्यक्ष शबाना खान व रोशनी शिवहरे कांग्रेस सेबादल जिला प्रभारी,ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा,राजेश पायलट किसान संगठन के प्रदेश सचिव गजेंद्र सिंघोरी,वरिष्ठ कांग्रेसी हरि पहाड़िया,केशव मीणा,अनिल अरेला,, महादेव मीणा, आर्यन राय,राजकुमार कंसाना,मनीष मंगल,गजेंद्र गोस्वामी,नैतिक सोनी,अंकित सक्सेना,हर्ष सिंह,मयंक शर्मा, अंकित खान,अल्फाज खान, रेहान खान,शिवम सेन,रिजवान खान, अकरम पठान, सादिक, अल्ताफ खान, उपेंद्र, लवकुश, सचिन, गजेंद्र प्रजापति,चंद्र गिरी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# निखिल सलाम-ए-इश्क के सेट पर बुरा बिहेव करते थे : अंजना सुखानी

## एक्ट्रेस- किसिंग सीन के लिए कहा गया, मेंटली प्रिपेयर होने का टाइम भी नहीं दिया

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अंजना सुखानी ने हाल ही में फिल्म सलाम-ए-इश्क के सेट के कुछ किस्से शेयर किए हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म के सेट पर उन्हें किसिंग सीन के लिए कहा गया था। इसके बाद वह रोना चाहती थीं क्योंकि उनके पास मना करने की पावर नहीं थी।**

### डायरेक्टर निखिल के बिहेवियर को लेकर बोलीं अंजना

फिल्म सलाम-ए-इश्क का डायरेक्शन निखिल आडवाणी ने किया था। एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म के सेट पर उनका एक्सपीरियंस बहुत खराब रहा। अंजना ने बताया कि निखिल उनके साथ बुरा बिहेव करते थे। उन्हें अनिल कपूर के साथ किसिंग सीन करने के लिए मजबूर किया गया था। अंजना ने कहा कि उन्हें इसके लिए मेंटली प्रिपेयर होने का टाइम भी नहीं दिया गया था।

### किसिंग सीन के लिए मजबूर किया गया था- अंजना

बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में अंजना ने कहा कि जब कोई नया होता है, तो दूसरे लोग सोचते हैं कि वे उनके साथ बुरा व्यवहार करके बच निकलेंगे क्योंकि उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्टार किड्स के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया जाता है, तो अंजना ने उस समय का जिक्र किया जब उन्हें एक किसिंग सीन के लिए मजबूर किया गया था। किस को नाइट क्लब जैसे माहौल में शूट किया जाना था और अंजना को सेट पर जाने से ठीक पहले इसके बारे में पता चला।

### किसिंग सीन के बारे में नहीं बताया गया था- अंजना

अंजना ने कहा- मुझे किस के बारे में नहीं बताया गया, आखिर तक, जब तक हम सीन शूट करने के लिए सेट पर नहीं गए, मुझे नहीं बताया गया। स्टार किड के साथ ऐसा नहीं होता है। अंजना से पूछा गया कि उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद इस पर सवाल क्यों नहीं उठाया? तो उन्होंने कहा- मुझे नहीं लगता कि मैं इस सिचुएशन में थी। मैं घबरा गई थी, मेरे आस-पास कोई भी नहीं था जिससे मैं इस बारे में बात कर पाती। मुझे बस इतना बताया गया कि तुम्हें यही करना है।

# पाताल लोक-2 में जयदीप अहलावत ने ली 20 करोड़ फीस!

## एक्टर ने बताई सच्चाई, बोले- हैं कहां यह पैसे, मुझे बता तो देते

बीते कई दिनों से यह खबरें रही हैं कि एक्टर जयदीप अहलावत ने सीरीज पाताल लोक के दूसरे सीजन के लिए 20 करोड़ रुपए फीस चार्ज की है। जबकि पहले सीजन के लिए उन्होंने सिर्फ 40 लाख रुपए लिए थे। अब इन खबरों पर जयदीप अहलावत ने रिएक्शन दिया है। हिंदुस्तान टाइम के साथ बातचीत में उन्होंने कहा- अरे यार इतना था तो मुझे बता तो देते। मैं कुछ कर लेता इस पैसे का। हैं कहां ये पैसे, गए कहां?



### फिल्म ज्वेल थीफ में सैफ के साथ दिखेंगे जयदीप

पाताल लोक 2 में जयदीप अहलावत ने इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी का रोल प्ले किया है। पहले सीजन में भी वे इसी किरदार में दिखे थे। सीरीज में उनके अलावा इश्वाक सिंह, तिलोत्तमा शोम जैसे कलाकार भी थे। यह सीरीज फिलहाल अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर रही है। वहीं आने वाले समय में जयदीप को नेटफिलक्स की फिल्म ज्वेल थीफ में देखा जाएगा। इसमें वे सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा जयदीप को सीरीज फैमिली मैन के तीसरे सीजन में भी देखा जाएगा। इस सीरीज में मनोज बाजपेयी लीड रोल में हैं।

### एक्टर नहीं आर्मी ऑफिसर बनना चाहते थे जयदीप

जयदीप के करियर की बात करें, तो उन्हें बचपन में थिएटर से लगाव था। हालांकि उनका सपना इंडियन आर्मी में जाने का था। लेकिन कई बार स्स्क्रका एग्जाम नहीं क्लियर कर पाने के बाद उन्होंने एक्टिंग में ही फ्यूचर बनाने के बारे में सोचा। जयदीप को गैंग्स ऑफ वासेपुर (2012), कमांडो : ए वन मैन आर्मी (2013), गब्बर इज बैक (2015), रईस (2017), राजी (2018), बागी 3 (2020) जैसी फिल्मों में भी देखा गया है।

# ममता कुलकर्णी बोलीं- मेरी अमीषा पटेल से लड़ाई हुई थी

## तुम्हारी औकात क्या है... वाले बयान पर कहा- यह सरासर झूठ है

ममता कुलकर्णी और अमीषा पटेल का 1990 के दशक में एक विवाद हुआ था। अमीषा का आरोप था कि विवाद बढ़ जाने के बाद ममता ने उनसे गुस्से में कहा था कि तुम्हारी औकात क्या है। मेरी फीस 15 लाख है और तुम्हारी सिर्फ 1 लाख। अमीषा के इन आरोपों पर अब ममता कुलकर्णी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह सच है कि हमारे बीच लड़ाई हुई थी। लेकिन मैंने औकात वाला बयान नहीं दिया था।



**क्या था पूरा मामला?-** हाल ही में ममता कुलकर्णी रजत शर्मा के शो आप की अदालत में पहुंची थीं। शो के होस्ट ने उनसे सवाल किया कि क्या आपके और अमीषा पटेल के बीच लड़ाई हुई थी। इस पर ममता ने कहा, 'हां, ऐसा हुआ था। हम चार से पांच दिन तक ऐड फिल्म शूट के लिए एक लोकेशन पर थे। एक दिन शूटिंग के बाद रात में खाने के लिए सभी इकट्ठा हुए। खाने के बुफे में सिर्फ एक नॉन वेज डिश थी। लेकिन उस डिश का पूरा नाम नहीं लिखा हुआ था।

हालांकि फिर भी मैंने वह डिश खाने के लिए ली। जब मैंने उस डिश का एक निवाला खाया तो उसे चबाने में बहुत मुश्किल हो रही थी। मिस्टर बजाज मेरे बगल में बैठे थे। मैंने उनसे पूछा कि यह किस किस्म का नॉन वेज है जिसे चबा नहीं पा रही हूं। उन्होंने बताया कि यह हिरण का मांस है। इस पर मैंने कहा कि अगली बार से हर डिश के आगे लेबल जरूर लगाएं, क्योंकि हम आमतौर पर चिकन, मछली या मटन ही खाते हैं। हिरण का मांस कौन खाता है। तभी वहां पर मौजूद अमीषा पटेल ने कहा- इन हीरोइनों के इतने नखरे होते हैं। इन लोगों को हर बात का पहाड़ बनाने की आदत है। उस वक्त मैं अमीषा को नहीं जानती थी। वह इंडस्ट्री में नई थी। मैंने सोचा कि वह कौन होती है हमारे बीच में बोलने वाली? मैं उससे बात भी नहीं कर रही थी। मैंने बस उसकी तरफ देखा। लेकिन मेरी सेक्रेटरी ने उससे कहा- तुम कौन होती हो बीच में बोलने वाली?'

### औकात वाले बयान पर कहा- यह बात झूठ है

फिर शो के होस्ट ने ममता से पूछा- इसलिए आपने गुस्से में कहा कि तुम्हारी औकात क्या है? मेरी फीस 15 लाख रुपए है और तुम्हारी 1 लाख रुपए है। इस पर ममता ने कहा, 'मैंने ऐसा बयान नहीं दिया था। हालांकि यह सच है कि मेरी सेक्रेटरी और अमीषा के बीच थोड़ी बहस जरूर हुई थी।

# बायोपिक फिल्में बनाना आसान नहीं, फिल्म संजू में फैक्ट्स गायब थे

## स्क्रिप्ट के हर पेज पर सिग्नेचर जरूरी, गलत छवि दिखाने पर मानहानि का केस

**फिल्म 'छावा' को लेकर हाल ही में विवाद हुआ। फिल्म के ट्रेलर में छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते दिखाया गया था। इस सीन पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जताई और कहा कि लेजिम बजाते दिखाना ठीक है, पर छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते दिखाया जाना गलत है। फिल्म बनाने के नाम पर कितनी सिनेमाई स्वतंत्रता ली जानी चाहिए, इसकी सीमाएं हैं। इस विवाद के बाद फिल्ममेकर्स ने गाने के उस सीन को डिलीट करने का फैसला लिया। यह फिल्म राइटर शिवाजी सावंत की नॉवेल छावा का एडॉप्टेशन है।**

**फिल्म की बायोपिक में सच्चाई और क्रिएटिविटी का सही बैलेंस होना बहुत जरूरी होता है। क्रिएटिव लिबर्टी के नाम पर जब कहानी के साथ छेड़छाड़ की जाती है, तो विवाद शुरू हो जाता है। फिल्म के प्रोड्यूसर अक्सर यह नहीं समझ पाते कि असली घटनाओं को वैसा ही दिखाएं या फिर कुछ क्रिएटिव बदलाव करके फिल्म को और बेहतर बनाएं, ताकि दर्शकों को फिल्म पसंद आए। जब किसी की जिंदगी पर फिल्म बनानी होती है, तो लाइफ राइट्स, इमेज राइट्स और सपोर्टिंग मटेरियल राइट्स की अहमियत होती है, ताकि फिल्म सही तरीके से और कानूनी रूप से बन सके। बिना राइट्स के फिल्म बनाने से कानूनी पचड़े भी आ सकते हैं, जैसे किसी की छवि को गलत तरीके से दिखाना या परिवार से विवाद होना। आज रील टु रियल के इस एपिसोड में हम जानेंगे कि बायोपिक फिल्मों के लिए किस तरह से राइट्स लिए जाते हैं। किताब पर फिल्म बनाने के लिए किससे राइट्स लेने पड़ते हैं। राइट्स लेने के बाद भी फिल्म मेकर्स को किस तरह की चुनौतियां आती हैं। इस पूरे प्रोसेस को समझने के लिए हमने डायरेक्टर तुषार हीरानंदानी, शाद अली और एडवोकेट तरुण शर्मा से बातचीत की।**

### डायरेक्टर-प्रोड्यूसर को फैक्ट्स जानना चाहिए

एडवोकेट तरुण शर्मा ने बातचीत के दौरान बताया- हाल ही में फिल्म 'छावा' के ट्रेलर में संभाजी महाराज को लेजिम बजाते हुए दिखाया गया, जिस पर बहुत विवाद हुआ। ऐसा हर बायोपिक के साथ होता है। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर को बिना फैक्ट्स जाने बायोपिक नहीं बनानी चाहिए, लेकिन अपनी क्रिएटिविटी के लिए वे दर्शकों के बीच एक डाउट क्रिएट कर देते हैं।

### फिल्म 'संजू' के अंदर फैक्ट्स गायब थे

जब संजय दत्त कोर्ट में हाजिरी देने आते थे, उस वक्त मैं कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा था। मैंने देखा है कि उनको किस एविडेंस पर सजा सुनाई गई थी। चाहे कोई गरीब हो या अमीर कानून सबके लिए बराबर है। मैंने संजय दत्त की बायोपिक फिल्म 'संजू' देखी है। उस फिल्म में वह सब गायब है, जो 1993 बम ब्लास्ट के बाद की जनरेशन को दिखाया गया है। बम ब्लास्ट में संजय दत्त का क्या रोल था, कोर्ट में जो एविडेंस आया। कोर्ट में जज ने जो कहा और इसके बाद जो भी जजमेंट आया, वह सब फिल्म में अलग दिखाया गया। उस फिल्म के अंदर उनके किरदार का एक स्टेटमेंट भी है, जिसमें वे एडमिट करते हैं कि उनकी कितनी गर्लफ्रेंड है। मेरे ख्याल से इससे महिलाओं की बदनामी की जा रही थी, लेकिन उस समय किसी ने कुछ नहीं कहा।

### क्रिएटिविटी के नाम पर फैक्ट्स से छेड़छाड़

फिल्म 'डी कंपनी' में 1993 बम ब्लास्ट के मास्टरमाइंड और मोस्ट वांटेड एक्यूज्ड दाऊद इब्राहिम की कहानी दिखाई गई। इस फिल्म में कहीं भी नहीं दिखाया गया कि दाऊद बम ब्लास्ट करके इंडिया से भाग गया है। ब्लास्ट के बाद मुंबई शहर की क्या हालत हो गई थी। उस घटना के बाद हिंदू-मुस्लिम के बीच दंगे कितने बढ़ गए थे।

### बायोपिक फिल्म बनाने के लिए लीगल प्रोसेस की जरूरत होती है

अगर किसी लिविंग लीजेंड पर फिल्म बन रही है, तो उस व्यक्ति और उसकी फैमिली से परमिशन लेनी पड़ती है। उसके बाद उनके लीगल हायर से चीजें शॉर्ट करनी पड़ती हैं। फिर फैक्ट्स के लिए रिसर्च टीम की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है। फैमिली से लीगल एग्रीमेंट करना होता है। टर्म और कंडीशन बनाने होते हैं। फैमिली के ऊपर यह निर्भर करता है कि वो पैसे की कितनी डिमांड करती है। फैमिली और फिल्ममेकर की आपसी सहमति के बाद पैसे के लेन-देन का एग्रीमेंट बनता है।

### बिना परमिशन बायोपिक बनाई जाए तो क्या हो सकता है?

कई बार ऐसा होता है कि बायोपिक पर फैमिली की परमिशन नहीं ली जाती है, मामला कोर्ट तक पहुंच जाता है। फैमिली वाले फिल्म पर स्टे लगाने की मांग करते हैं। उसके बाद सेटलमेंट होता है। अगर सामने



वाले की बिना सहमति के फिल्म बनती है तो सबसे पहले डिफेमेशन (मानहानि) केस होता है। इसके अलावा मिसलीडिंग फैक्ट्स (ऐसी जानकारी जो झूठी या गलत हो), मिस रिप्रेजेंटेशन (अपमानजनक चित्रण) का केस भी हो सकता है। इसलिए बायोपिक बनाने के लिए सबसे पहले उस इंसान की सहमति लेनी जरूरी है। अगर वो जिंदा नहीं है, तो फैमिली और लीगल हायर की सहमति लेनी जरूरी होती है।

### डिफेमेशन केस में क्या करना पड़ता है?

डिफेमेशन एक लंबा प्रोसेस होता है। कोर्ट को अपने सबूत से यकीन दिलाना होता है कि आप डिफेम (बदनाम) हुए हैं। प्रोसिजर के दौरान सारे फैक्ट्स देने होते हैं। उसके बाद कोर्ट में दलील होती है। फिर दूसरी पार्टी को नोटिस इश्यू होता है और कोर्ट में बुलाया जाता है। वो जो फैक्ट्स देते हैं, उस पर सवाल-जवाब होता है। स्टेटमेंट लिया जाता है, गवाहों को बुलाया जाता है। कोर्ट के प्रोसिजर के हिसाब से केस चलता है। उसके बाद डिफेमेशन का ऑर्डर आता है। अक्सर देखा गया है कि ऐसे केस में दोनों पार्टी के बीच सेटलमेंट हो जाता है।

### बायोपिक डॉक्यूमेंट्री नहीं लगनी चाहिए

तुषार हीरानंदानी 'सांड की आंख' और 'श्रीकांत' जैसी फिल्म के अलावा वेब सीरीज 'स्कैम 2003' डायरेक्ट कर चुके हैं। यह तीनों ही बायोपिक है। तुषार हीरानंदानी कहते हैं- बायोपिक बनाने से पहले यह सोचना पड़ता है कि बनाना क्या है? फिल्म 'सांड की आंख' में मुझे दो दादियों की कहानी बतानी थी। जिन्होंने 65 की उम्र में शूटिंग शुरू की थी। मुझे यह ध्यान रखना था कि डॉक्यूमेंट्री ना लगे। मुझे लगता है कि किसी की भी बायोपिक हो, उसमें एंटरटेनिंग के साथ मजेदार किस्से के अलावा एक संदेश होना चाहिए।


### राइट्स के लिए बहुत कन्विन्स करना पड़ा

जब मैं 'सांड की आंख' के लिए राइट्स लेने गया था, तब मुझे बताया गया कि पहले से किसी को राइट्स दे दिया गया है। अनुराग कश्यप ने मुझे सुझाव दिया कि उनको बोलना कि प्रकाशी तोमर और चंद्रो तोमर पर डॉक्यूमेंट्री बनानी है। उनके फैमिली के लोगों ने कहा कि आप डॉक्यूमेंट्री मेकर नहीं हैं। कुछ और करना चाहते हैं। जब मैंने कहा कि फिल्म बनाना चाहता हूं, तो उन्होंने राइट्स मुझे दे दिए। 'श्रीकांत' के राइट्स के लिए बहुत समय लगा। इस फिल्म के भी राइट्स पहले किसी और के पास थे। मुझे राइट्स के लिए उन्हें बहुत कन्विन्स करना पड़ा था।

### सबको लगता है कि राइट्स के बहुत पैसे मिलते हैं

बहुत सारी बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं। सबको लगता है कि राइट्स के बहुत पैसे मिलते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। जिनकी कहानी बहुत फेमस है, वो लोग अच्छे पैसे डिजर्व करते हैं। उनको अच्छे पैसे मिल भी जाते हैं, लेकिन जो लोग ज्यादा फेमस नहीं होते हैं। उनको ज्यादा पैसे नहीं दे सकते हैं क्योंकि फिल्म बनने के बाद वो लोग फेमस होते हैं।

यदि आप धीरे चलकर नहीं रुक रहे हैं तो यकीन मानिए आप सबसे तेज चल रहे हैं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान





# प्रधानमंत्री मोदी सातवीं बार फ्रांस पहुंचे

## आज एआई समिट में शामिल होंगे, भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि भी देंगे; 2 दिन बाद अमेरिका रवाना होंगे

बढ़ता राजस्थान

**पेरिस/नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री के सम्मान में फ्रांस सरकार ने 10 फरवरी को मशहूर एलिसी पैलेस में वीवीआईपी डिनर का आयोजन किया है। इसमें फ्रेंच प्रेसिडेंट मैक्रों समेत कुछ और देशों के नेता मौजूद होंगे। पीएम मोदी का यह दौरा 2 दिनों का है। वे यहां एआई समिट में शामिल होंगे और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। इसके बाद वे 12 फरवरी को अमेरिका दौरे पर रवाना हो जाएंगे। पीएम मोदी का यह सातवां फ्रांस दौरा है। पीएम आखिरी बार 2023 में फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस (बास्तिल डे) कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। फ्रांस रवाना होने से पहले पीएम ने कहा-

राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर मैं 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहूंगा। मैं पेरिस में एआई समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं। फ्रांस से मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाऊंगा। मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने के लिए उत्सुक हूं। उनके साथ पहले कार्यकाल में काम करने का अनुभव अच्छा है।

पीएम मोदी ने बताया कि वह फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का मार्सिले शहर में उद्घाटन करेंगे और इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर परियोजना का दौरा करेंगे। इसके साथ ही वो पहले और दूसरे वर्ल्ड वॉर के दौरान मारे गए भारतीय सैनिकों को मजारग्यूज युद्ध समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने अपनी यात्रा को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। पीएम ने कहा कि अमेरिका दौरे पर दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना एजेंडे में शामिल होगा।

आज रात स्टेट डिनर में शामिल होंगे प्रधानमंत्री के सम्मान में फ्रांस सरकार ने 10 फरवरी को मशहूर एलिसी पैलेस में वीवीआईपी डिनर का आयोजन किया है। इसमें फ्रेंच प्रेसिडेंट मैक्रों समेत कुछ और देशों के नेता मौजूद होंगे।

11 फरवरी को पीएम पेरिस के ग्रैंड पैलेस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट 2025 की सह अध्यक्षता करेंगे। यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में आयोजित हुई थी।

### बजट सत्र का सातवां दिन

# सोनिया गांधी राज्यसभा में बोलीं- 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून से वंचित, सरकार जल्द से जल्द जनगणना करवाए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का सोमवार को सातवां दिन है। राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून से बाहर हैं। उन्हें इस कानून के दायरे में लाना चाहिए। सोनिया ने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द जनगणना करवानी चाहिए। संसद में आज महाकुंभ भगदड़ को लेकर हंगामा हो सकता है। विपक्षी सांसद इस मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं। उनकी मांग है कि यूपी सरकार भगदड़ में मरने वालों का सही आंकड़ा जारी करे। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन नोटिस दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 फरवरी को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी थी। आज इसे लोकसभा में पेश किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बिल टैक्सेशन सिस्टम में सुधार के लिए एक बड़ा सुधार ला सकता है।

**निशिकांत दुबे बोले- भारत में यूएसएआईडी से फंडिंग पाने वाले संगठनों की जांच करे सरकार-** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सरकार से मांग की कि भारत में यूएसएआईडी (यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) की तरफ से फंडिंग पा रहे संगठनों की जांच करें। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से ज्यादातर संगठन देश में अशांति फैलाने का काम करते हैं और कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। दुबे ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूएसएआईडी को इसलिए बंद कर दिया था, क्योंकि यह एजेंसी सिर्फ दुनिया भर में सरकारों को गिराने के लिए पैसे खर्च करती थी। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए दुबे ने दावा किया कि यूएसएआईडी की तरफ से फंडिंग पाने वाले संगठनों ने सरकार की अग्निवीर योजना के खिलाफ प्रदर्शन किए, जाति जनगणना का समर्थन किया और देश में नक्सलवाद को बढ़ावा दिया।

उनके बयान पर कांग्रेस सांसदों ने विरोध जताया और लोकसभा में आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन अध्यक्षता कर रहीं संध्या राय ने कांग्रेस की आपत्ति को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा कि शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान ऐसी आपत्तियां मान्य नहीं होतीं।



### सोनिया बोलीं- 2013 में पीए सरकार लाई थी खाद्य सुरक्षा अधिनियम

सोनिया गांधी ने राज्यसभा में कहा, सितंबर 2013 में पीए सरकार द्वारा पेश किया गया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम देश की 140 करोड़ आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल थी। इसने लाखों परिवारों को भुखमरी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर कोविड-19 संकट के दौरान। इस अधिनियम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए आधार प्रदान किया। हस्र्र के तहत, ग्रामीण आबादी का 75% और शहरी आबादी का 50% सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने का हकदार है। हालांकि, लाभार्थियों के लिए कोटा अभी भी 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जो अब एक दशक से ज्यादा पुराना हो चुका है।

# भाजपा चुनावी हिंदू पार्टी : गहलोत

## गलताजी में 23 दिन से फूलमालाएं तक नहीं दे रही सरकार, सीएम जुमले सुनाने में व्यस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने जयपुर के गलताजी तीर्थ विवाद और सिलेंडर सब्सिडी को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत ने बीजेपी को चुनावी हिंदू पार्टी कहकर सियासी हमला बोला है।

गहलोत ने एक्स पर लिखा- उत्तर भारत के प्रमुख वैष्णव तीर्थ गलताजी की जिम्मेदारी अभी राज्य सरकार संभाल रही है, लेकिन भाजपा सरकार के लापरवाह तरीकों से इस पवित्र तीर्थ की 521 साल पुरानी परंपराएं टूट गईं। 23 दिन से भगवान के लिए यह सरकार फूल मालाएं भी उपलब्ध नहीं करवा सकी है।

गहलोत ने लिखा- यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जब भगवान के नाम पर वोट मांगने वाली पार्टी की सरकार भगवान के लिए मालाएं तक नहीं उपलब्ध करवा रही। भारतीय जनता पार्टी चुनावी हिन्दू पार्टी है। वोट लेने के लिए चुनाव में हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति करती है, जनता को भ्रमित करने के लिए प्रयागराज में कैबिनेट बैठक करती है



पर प्रदेश की राजधानी में स्थित तीर्थ की सेवा भी भाजपा सरकार में नहीं हो रही है।

गहलोत ने लिखा- आज ही के दिन बजट भाषण में दो साल पहले मैंने उज्ज्वला और बीपीएल परिवारों की महिलाओं को 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी। इसकी क्रियान्विति में महिलाओं को समयबद्ध तरीके से सब्सिडी ट्रांसफर कर 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया गया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि सरकार में आने पर 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।



# तेजस हवा में 360ए घूमा; सुखोई का आसमान में करतब; सूर्य किरण से निकले 3 रंग

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** एशिया के सबसे बड़े एयर शो में से एक एयरो इंडिया 2025 की शुरुआत हो गई। यह शो बेंगलुरु के येलाहेंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है। जो 14 फरवरी तक चलेगा। एयर शो में तेजस मार्क 1ए विमान ने हवा में 360ए चक्कर लगाया। वहीं सुखोई एसयू-30 एमकेआई ने भी आसमान में करतब दिखाया। सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग फैलाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। शो में करीब 30 देशों के रक्षामंत्री या प्रतिनिधि और 43 देशों के वायु सेना प्रमुख और सचिव मौजूद रहेंगे। शो के पहले 3 दिन बिजनेस विजिटर्स और आखिरी 2 दिन आम लोगों के लिए रहेंगे।

# पंजाब कांग्रेस का दावा- 30 आप विधायक हमारे संपर्क में

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पंजाब में भी उथल-पुथल शुरू हो गई है। पंजाब कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा है कि आम आदमी पार्टी के 30 विधायक उनके संपर्क में हैं। इसी बीच आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों को दिल्ली बुलाया है। वे मंगलवार (11 फरवरी) सुबह 11 बजे कपूरथला भवन में सभी विधायकों से मिलेंगे। सीएम भगवंत मान और सभी मंत्री भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि इसी वजह से पंजाब सरकार की 10 फरवरी को होने वाली कैबिनेट मीटिंग भी टाल दी गई। पंजाब में 2022 में सभी 117 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुए थे, इसमें आप ने 92, कांग्रेस 18, भाजपा 2, शिरोमणि अकाली दल 3 और बसपा 1 सीट जीती थी। पंजाब में बहुमत का आंकड़ा 59 का है। ऐसे में अगर 30 विधायक पार्टी छोड़ भी देते हैं तो भी आप के पास 62 विधायक रहेंगे और सरकार को कोई खतरा नहीं होगा। हालांकि, आप के प्रवक्ता नील गर्ग का कहना है कि दिल्ली में पार्टी की रूटीन मीटिंग होने जा रही है। यह पार्टी ने तय करना है कि मीटिंग चंडीगढ़ में करनी है या दिल्ली में।

**कांग्रेस सांसद गांधी बोले- पंजाब आप विधायक बीजेपी-कांग्रेस, कहीं भी जा सकते हैं**-पटियाला से कांग्रेस सांसद डॉ धर्मवीर गांधी ने कहा कि आप की केंद्रीय लीडरशिप को लेकर पंजाब के विधायकों के अंदर आक्रोश है। यह लोग पंजाब संसाधनों व स्त्रोतों पर कब्जा कर रहे हैं। राज्यसभा में इन्होंने पंजाब से बाहर के लोगों को भेजा।

ये बहुत से तरीके से शोषण कर रहे हैं। यह मौकापरस्त लोग हैं। सिद्धांतवादी लोग पहले ही पार्टी छोड़ गए थे। इनके विधायक बीजेपी और कांग्रेस में कहीं भी जा सकते हैं। इनका पंजाब में कोई अस्तित्व नहीं बचा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में यह सत्ता से बाहर होंगे।

उधर, जालंधर के पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता सुशील रिंकू ने कहा कि इस मीटिंग से साबित होता है कि आज भी पंजाब को दिल्ली से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पार्टी के अंदर प्रेशर की राजनीति चलती है, आने वाले समय में आप के विधायक विद्रोह कर सकते हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com